संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 268 बुधवार 30 जुलाई 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### निमिषा प्रिया की मौत की सजा रद्द



**भारतीय ग्रैंड मुफ्ती ने दी बड़ी जानकारी**

**नई दिल्ली,29 जुलाई 2025(ए)।** यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को मिली मौत की सजा अब रद्द कर दी गई है। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के ऑफिस से यह अहम जानकारी मिली है। हालांकि, ग्रैंड मुफ्ती के ऑफिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि यमन सरकार ने अभी तक सजा रद्द किए जाने की आधिकारिक लिखित पुष्टि नहीं की है,और न ही भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस सजा रद्द होने की कोई पुष्टि की है। लेकिन सना में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निमिषा की मौत की सजा को पूरी तरह से रद्द करने का फैसला लिया गया है।

### कांवड़ियों से भरी बस ट्रक से टकराई,18 की मौत



**देवघर,29 जुलाई 2025(ए)।** झारखंड के देवघर में मंगलवार सुबह एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें 18 कांवड़ियों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने के बाद कांवड़ियों से भरी एक बस,बासुकीनाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए दुमका जा रही थी। देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया इलाके में बस का ट्रक से सामना हुआ, जिसके बाद बस और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस टक्कर में मौके पर ही पांच कांवड़ियों की जान चली गई।

### श्रीनगर में मारे गए पहलगाम हमले के तीनों आतंकियों की पहचान हुई



**श्रीनगर,29 जुलाई 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार को ऑपरेशन महादेव में मारे गए पहलगाम हमले के तीनों आतंकियों की पहचान हो गई है। मारे गए आतंकियों की पहचान उनको शरण देने वाले आरोपियों ने की है,जो इस समय राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की गिरफ्त में हैं। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को कोट लखपत जेल ले जाने से पहले मुठभेड़ स्थल पर ले जाया गया और पुष्टि कराई गई थी। आरोपियों ने आतंकियों को अस्थायी शरण दी थी।

### बिहार एसआईआर में बड़े पैमाने पर बहिष्कार हुआ तो हस्तक्षेप करेंगे



**नईदिल्ली,29 जुलाई 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने की संभावना पर विशेष टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अगर मसौदा सूची में बड़े पैमाने पर बहिष्कार होगा तो कोर्ट हस्तक्षेप करेगा। पीठ ने बिहार एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 12 अगस्त और 13 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

# पहलगाम आतंकी हमले पाकिस्तान से...सबूत मौजूद

## लोकसभा में अमित शाह पाकिस्तान द्वारा पहलगाम आतंकी हमले पर बरसे...

**नई दिल्ली,29 जुलाई 2025(ए)।**

पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने एक इंटरव्यू में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि हमला करने वाले आतंकी वास्तव में पाकिस्तान से आए थे या नहीं। इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में काफी हलचल मच गई थी और सत्तारूढ़ दल की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

### पाकिस्तानी सामान और हथियारों का दिया हवाला

गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा, आतंकियों के पास से जो हथियार, गोला-बारूद, और अन्य सामग्री मिली है,वह पाकिस्तान निर्मित है। यहां तक कि उनके पास जो चॉकलेट्स और खाने का सामान था,वह भी पाकिस्तान में बना हुआ था। उन्होंने आगे कहा, दुनिया जानती है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे, लेकिन हमारे देश के ही एक पूर्व गृह मंत्री इस पर सवाल उठा रहे हैं।

### दुनिया भी मानती है पाकिस्तान की भूमिका:अमित शाह

अमित शाह ने यह भी कहा कि यह केवल भारत का ही नहीं, बल्कि दुनिया का भी मानना है कि आतंकी पाकिस्तान से संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया इस सच को स्वीकार कर चुकी है,तब देश के एक अनुभवी नेता का इस पर संदेह करना समझ से परे है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरह के बयान देश की सुरक्षा एजेंसियों और सशस्त्र बलों के मनोबल को भी चोट पहुंचाते हैं।





### अमित शाह का संसद में जवाबः पाकिस्तान से जुड़े हैं सबूत

इस मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पी. चिदंबरम के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा,पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम पूछते हैं कि सबूत क्या हैं कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे आखिर किसे बचाना चाहते हैं? पाकिस्तान को बचाकर उन्हें क्या मिलेगा? अमित शाह ने दावा किया कि उनके पास ऐसे ठोस सबूत हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि हमलावर पाकिस्तान से आए थे।

### राजनीतिक तकरार और सुरक्षा पर बहस

यह मुद्दा न सिर्फ संसद के भीतर, बल्कि बाहर भी चर्चा का विषय बन गया है। जहां बीजेपी चिदंबरम के बयान को राष्ट्रविरोधी करार दे रही है, वहीं कांग्रेस इसे सरकार की विफलता छिपाने का प्रयास बता रही है। पहलगाम हमला और उससे जुड़ी राजनीतिक बयानबाज़ी एक बार फिर भारत-पाक संबंधों और आंतरिक सुरक्षा की नीतियों को केंद्र में ले आई है। पहलगाम हमले के बाद शुरू हुई बहस अब राजनीतिक रंग ले चुकी है। अमित शाह के तीखे बयान और चिदंबरम के सवाल के बीच सुरक्षा, राजनीति और कूटनीति तीनों की कसौटी पर देश की स्थिति एक बार फिर परखी जा रही है।

### गृह मंत्री ने संसद में ऑपरेशन महादेव की बताई टाइमलाइन,

#### ये भी कि कैसे आतंकियों को घेर किया ढेर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में ऐलान किया कि ऑपरेशन महादेव के जरिए तीन आतंकियों को मार गिराया गया। ये सभी जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के जरिए आतंकी सुलेमान, अफगान और जिबरान को ढेर किया। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में विपक्ष को ऑपरेशन महादेव की पूरी टाइमलाइन बताई। सदन को बताया कि इस ऑपरेशन की शुरुआत कब हुई और कैसे पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को ढेर किया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में अनाथ हुए 22 बच्चों को गोद लेंगे राहुल गांधी



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में अपनों को खोने वाले 22 बच्चों की शिक्षा का जिम्मा लेंगे। यह जानकारी जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हामिद कर्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि राहुल ने पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने का फैसला किया है, जिन्होंने पाकिस्तानी गोलाबारी में अपने अभिभावक या परिवार के एकमात्र कमाने वाले को खो दिया है।

# सरकारी अफसरों के ठिकानों पर छापे

**» कर्नाटक लोकायुक्त की बड़ी छापेमार कार्रवाई जारी**

**कर्नाटक,29 जुलाई 2025(ए)।** कर्नाटक लोकायुक्त ने मंगलवार को राज्य के चार जिलों में कई ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह छापेमारी उन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ हुई है, जो कथित तौर पर अपनी ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने में शामिल हैं। बताया जा रहा है कि हासन, चिक्कबल्लापुरा,चित्रदुर्ग और बेंगलुरु शहरी जिलों में यह छापे मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार,हासन में एनएचएआई के कार्यकारी अभियंता,चिक्कबल्लापुरा में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता और चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर कस्बे में एक स्वास्थ्य अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी हुई है। लोकायुक्त टीम ने इन अधिकारियों की संपत्तियों की तलाशी ली है। इसके अलावा,बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के दसरहल्ली उप-मंडल से जुड़े एक राजस्व अधिकारी और बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) मुख्यालय में तैनात बागवानी विभाग के एक वरिष्ठ सहायक निदेशक की संपत्तियों पर भी छापेमारी की गई है।

फिलहाल,कर्नाटक लोकायुक्त ने इस छापेमारी को लेकर आधिकारिक बयान नहीं दिया है।





# भुवनेश्वर एआईआईएमएस में महिला कर्मी से यौन उत्पीड़न

### नर्सिंग ऑफिसर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर,29 जुलाई 2025(ए)।** ओडिशा में बीते दिनों महिलाओं से जुड़े कई आपराधिक मामले सामने आए। अब भुवनेश्वर एम्स से एक और मामला सामने आया है, जहां एम्स की एक महिला कर्मचारी ने अस्पताल के ही एक नर्सिंग अधिकारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं महिला की शिकायत के बाद से अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी नर्सिंग अधिकारी नानू राम चौधरी के खिलाफ शहर के खांडागिरि पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद उस पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।





# संविधान निर्माताओं ने संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द को शामिल नहीं किया



### विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री का बयान

**नागपुर,29 जुलाई 2025(ए)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने आज नागपुर मे कहा कि संविधान निर्माताओं ने संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द को शामिल करने का समर्थन नहीं किया था,जिसे बाद में संसद में बिना किसी बहस के संविधान में जोड़ दिया गया। यह पूछे जाने पर कि विहिप उन शब्दों को कैसे देखती है जिन्हें बाद में संविधान में जोड़ा गया और जो संविधान निर्माण के समय मौजूद नहीं थे,परांडे ने कहा कि कई विद्वानों,बड़े कानूनविदों, दार्शनिकों और अन्य लोगों ने मिलकर हमारे संविधान का निर्माण किया और संविधान निर्माण में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की बहुत बड़ी भूमिका थी।

# डीआरडीओ ने किया मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली,29 जुलाई 2025 (ए)।** डीआरडीओ को मंगलवार को एक बड़ी सफलता मिली है। ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए गए हैं। यह परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए गए हैं। डीआरडीओ की ओर से बयान में बताया गया है कि दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। डीआरडीओ के अनुसार,मिसाइलों ने तय रास्ते का पालन किया और सटीक रूप से लक्षित बिंदुओं को निशाना बनाया। इन परीक्षणों का मकसद यह देखना होता है कि ये मिसाइलें कम से कम और ज्यादा से ज्यादा कितनी दूर तक मार कर सकती हैं।प्रलय कम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत में विकसित यह मिसाइल ठोस ईंधर पर आधारित है और यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। प्रलय मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं।



### खास नेविगेशन सिस्टम से लैस

प्रलय मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं। इसलिए, दुश्मनों की ओर से इसे हवा में मार गिराना मुश्किल है। इसके लिए सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर का इस्तेमाल किया गया है। इससे इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जा सकता है और यह बहुत ही सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।

### रक्षा मंत्री ने दी टीम को बधाई

अब्दुल कलाम द्वीप पर इन परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ के वैज्ञानिक और भारतीय सेना, वायु सेना और रक्षा उद्योग से जुड़े अहम लोग मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए इससे जुड़ी टीमों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस मिसाइल की सफलता से हमारी सेना को नई तकनीक मिलेगी...इससे वे खतरों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

# राष्ट्रपति रेफरेंस मामले में 19 अगस्त से दलीलें सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

## पक्ष और विपक्ष दिया गया पूरा टाइम टेबल



**नई दिल्ली,29 जुलाई 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राष्ट्रपति रेफरेंस मामले पर सुनवाई का शेड्यूल तय कर दिया है।यह रेफरेंस इस अहम सवाल को उठाता है कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित बिलों को मंजूरी देने के लिए गवर्नर या राष्ट्रपति के लिए समयसीमा तय कर सकती हैं। इस मामले में केंद्र और राज्यों को 12 अगस्त तक अपने लिखित जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है।चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने साफ कर दिया है कि सुनवाई 19 अगस्त से शुरू होगी।कोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दलीलें तय समय में पूरी करें, ताकि इस अहम मामले में जल्द और सटीक फैसला हो सके।



### सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को रिहा करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली,29 जुलाई 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश दिया और कहा कि उसने इस साल मार्च में 20 साल की सजा पूरी कर ली है। सजा समीक्षा बोर्ड ने सुखदेव के आचरण का हवाला देते हुए उनकी माफी की याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को कैसे दबा सकता है? अगर यही रवैया रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। क्या यह कार्यपालिका का आचरण है?

# मालेगांव ब्लास्ट केस का फैसला 31 जुलाई को आएगा



**मुंबई,29 जुलाई 2025 (ए)।** महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में 17 साल पहले हुए एक शक्तिशाली विस्फोट मामले में विशेष एनआईए कोर्ट 31 जुलाई को फैसला सुनाएगी। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हुए थे।पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त) सहित सात लोग इस मामले में आरोपित हैं। यह राजनीतिक रूप से सर्वाधिक संवेदनशील मामलों में से एक रहा है, क्योंकि इसमें हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का पहली बार प्रयोग किया गया।

### 31 जुलाई को पेश होंगे सभी आरोपित

विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी आरोपितों को 31 जुलाई को अदालत में पेश होने को कहा है। विशेष अदालत में आने वाले इस फैसले के कारण परिसर की अन्य अदालतों को उस दिन अन्य मामलों की सुनवाई स्थगित रखने या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई करने को कहा गया है।

## संपादकीय

# धन के लिए समाज को क्षति

नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। देश के हर नागरिक को उच्चतम न्यायालय की इस नसीहत पर अमल करना चाहिए। आत्म नियमन के अभाव में कई बार इस आजादी के नाम पर अपमानजनक काम हो जाते हैं चाहे वह कोई रचना हो या टिप्पणी। ऐसे काम समाज को दूषित कर सकते हैं या वैमनस्य बढ़ा सकते हैं। स्थिति आगे बढ़कर विभाजनकारी सोच को मजबूत करते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को भी बिगाड़ सकती है। ऐसी स्थिति की पूर्व कल्पना किसी भी काम से पहले कर लेनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विनाथन की पीठ वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान पर सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक हिन्दू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। उसके खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं।खान ने एक अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एक वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। खान के वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि ऐसे पोस्ट के जवाब में आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए। न्यायालय को लगता है कि लोगों के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर गाइडलाइन होनी ही चाहिए। पीठ ने सवाल किया कि नागरिक स्वयं संयम क्यों नहीं रख सकते? लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मोल समझना ही चाहिए। ऐसा नहीं होने की स्थिति में राज्य का हस्तक्षेप अवश्यंभावी है जो कोई नहीं चाहता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता 100 फीसद पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता, लेकिन नागरिक इस स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रतिबंध होंगे तो सीमा से बाहर जाने पर कानून का भय रहेगा। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों को सही बताया। उच्चतम न्यायालय को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि सोशल मीडिया मंच किस तरह लोगों को हदें तोडऩे को प्रोत्साहित कर रहे हैं। किसी के भी खिलाफ कुछ भी लिख दो, अश्लील से अश्लील सामग्री पोस्ट कर दो। धर्म के खिलाफ अनर्गल पल्राप कर दो,सब बिना किसी रोक के प्रकाशित हो रहा है। सबसे पहले इनकी खबर ली जानी चाहिए। धन के लिए इन्हें समाज को क्षति पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

# वायु प्रदूषण से स्मृति-लोप का बढ़ता खतरा



ललित गर्ग
पटपड़गंज,न्यू दिल्ली-92



पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।
अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में,लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं,जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त,एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमज़ोर करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहाँ तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।
प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है,यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आँकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क,सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गँवाने के समान है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोज़मर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं।
बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं,जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक,कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर ज़ोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की ज़िम्मेदारी नहीं है। शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम,सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामूहिक सोच,जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर,यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी,स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि ये सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं,मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज़ करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी,विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है। अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं,प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुँचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं? प्रेषकः

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# व्यक्ति बनाम व्यवस्था:उपनिवेशकालीन भारत की सशक्त रंगभूमि



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
काशी,उत्तर प्रदेश


प्रेमचंद हिंदी साहित्य में यथार्थवाद और समाजसुधार के पुरोधा माने जाते हैं। उनका उपन्यास 'रंगभूमि' (1925) भारतीय समाज की उस सांस्कृतिक, राजनीतिक और नैतिक स्थिति को दर्शाता है, जो उपनिवेशवादी शासन, पूंजीवादी लालच,धार्मिक पाखंड और सामाजिक विषमता के बीच जूझ रही थी। 'रंगभूमि' सिर्फ एक उपन्यास नहीं है,यह उस समय की जनचेतना का दस्तावेज़ है जिसमें व्यक्ति और व्यवस्था के बीच का संघर्ष मुखर होकर सामने आता है। इस लेख में हम उपन्यास के प्रमुख पात्रों–सूरदास, जॉन सेवक, सोफिया,पंडित दयानाथ, कुंवर श्यामलाल आदि के माध्यम से इस संघर्ष को समझेंगे,साथ ही विश्लेषण करेंगे कि किस प्रकार प्रेमचंद ने उपनिवेशवाद के दौर की सामाजिक विसंगतियों को उजागर किया। मैं अपनी समझ के अनुरूप यहाँ कुछ बिंदुओं पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगी।

### व्यक्ति और व्यवस्था: एक अंतहीन संघर्ष

'रंगभूमि' का मूल स्वर व्यक्ति की आत्मा और व्यवस्था की जटिलता के बीच के टकराव को दर्शाता है। यह संघर्ष न केवल राजनीतिक है, बल्कि आर्थिक,सामाजिक और नैतिक स्तर पर भी फैला हुआ है। व्यवस्था यहां केवल ब्रिटिश राज तक सीमित नहीं है,बल्कि समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव,धार्मिक कट्टरता,पूंजीवादी लालच और नैतिक ह्रास को भी इंगित करती है।

### सूरदास : नैतिकता का प्रतीक,अंधकार में ज्योति

सूरदास,उपन्यास का केंद्रीय पात्र, जन्म से नेत्रहीन है,किंतु उसकी अंतर्दृष्टि,नैतिक चेतना और दृढ़ता उसे अन्य पात्रों से अलग बनाती है। सूरदास भूमि का स्वामी है,जिसे अंग्रेज अधिकारियों और भारतीय दलालों की मिलीभगत से ज़बरन हड़पने की कोशिश की जाती है। वह सत्ता के आगे झुकने के बजाय जनचेतना का प्रतीक बन जाता है।
**उदाहरण:**- जब सूरदास की ज़मीन पर एक कारखाना बनाने का निर्णय लिया जाता है, वह इसका डटकर विरोध करता है। वह न तो लालच में आता है, न धमकियों से डरता है। उसका यह कथन...
ज़मीन मेरी है,और मैं इसे किसी को नहीं दूंगा, चाहे जान चली जाए
व्यक्ति की आत्मा की स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष का प्रतीक है।



### जॉन सेवकः उपनिवेशवादी शक्तियों का प्रतिनिधि

जॉन सेवक,एक अंग्रेज व्यवसायी, उपनिवेशवादी आर्थिक लालच का जीवंत प्रतीक है। वह बनारस में एक कारखाना स्थापित करना चाहता है, जिससे मुनाफा कमाया जा सके। उसके लिए भारतीय जनता केवल साधन है, लक्ष्य नहीं। वह 'प्रगति' की आड़ में मानवता और नैतिकता को कुचल देता है।
**उदाहरण:**- वह सुरदास की भूमि को हथियाने के लिए पुलिस, कोर्ट और स्थानीय नेताओं का सहारा लेता है। उसके लिए नैतिकता से बढ़कर व्यापारिक सफलता है। यही मानसिकता उपनिवेशवादी शोषण की जड़ थी।

### सोफिया:पश्चिम और पूर्व की अंतर्द्वंद में फंसी आत्मा

सोफिया,जॉन सेवक की बेटी, भारतीय संस्कृति और नैतिकता से प्रभावित होकर अपने पिता के कृत्यों का विरोध करती है। वह ईसाई होते हुए भी हिंदू धार्मिक विचारों, जीवन की सरलता और आत्मा की शांति से आकर्षित होती है।
**उदाहरण:**-सोफिया का सूरदास के प्रति आदर और उसका उसके साथ खुलकर संवाद करना यह दर्शाता है कि नैतिकता का मूल्य पाश्चात्य और प्राच्य दोनों समाजों में समझा जाता है, लेकिन केवल वही समझ पाता है, जो अंतर्मन से खोजता है।

### पंडित दयानाथः धार्मिक व्यवस्था की पाखंडिता

पंडित दयानाथ एक ब्राह्मण हैं, जो समाज में धर्म के नाम पर प्रतिष्ठा रखते हैं, परंतु आचरण में वे स्वार्थी और अवसरवादी हैं। वे अपने हितों के लिए व्यवस्था से सांठगांठ करते हैं।
**उदाहरण:**- दयानाथ अपने पुत्र कुंवर श्यामलाल को जॉन सेवक के पक्ष में खड़ा करने के लिए समाज और धर्म की आड़ लेते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि धार्मिक व्यवस्था किस तरह सत्ता के साथ मिलकर आम जनता के खिलाफ खड़ी हो जाती है।

### कुंवर श्यामलालः नए भारत का उलझा हुआ प्रतिनिधि

श्यामलाल, दयानाथ का पुत्र, शिक्षित और आधुनिक विचारों वाला युवक है, लेकिन उसमें नैतिक संकल्प की कमी है। वह सत्ता और लाभ के मोह में जॉन सेवक के साथ खड़ा होता है, भले ही वह जानता है कि यह नैतिक रूप से गलत है।
**उदाहरण:**- उसे कारखाने के विरुद्ध जनता की नाराजगी का ज्ञान है, लेकिन वह स्वार्थ में अंधा हो जाता है। प्रेमचंद इस चरित्र के माध्यम से यह दिखाते हैं कि शिक्षित वर्ग भी जब तक साहस और आत्मबल नहीं अपनाता, तब तक व्यवस्था का गुलाम बनकर रह जाता है।

### अन्य पात्रः सामूहिक संघर्ष की झलक

उपन्यास के अन्य पात्र जैसे–किशोरी,बिसु,ठाकुरदास,रोहिणी, आदि,समाज के विविध वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सभी किसी न किसी रूप में व्यवस्था से पीड़ित हैं, और उनकी अपनी-अपनी रंगभूमि है, जहां वे संघर्ष करते हैं।

### सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमिः प्रेमचंद का दृष्टिकोण

प्रेमचंद ने 'रंगभूमि' में उपनिवेश कालीन भारत की न केवल राजनीतिक तस्वीर पेश की है, बल्कि उन्होंने सामाजिक ढांचे में फैली दरारों को भी उजागर किया है:
**जातिवाद:**- सूरदास एक चमार है, जिसे अछूत समझा जाता है, फिर भी उसका नैतिक बल सबसे ऊंचा है।
**धार्मिक पाखंड:**- मंदिर और ब्राह्मणों के माध्यम से धर्म का उपयोग सत्ता को मजबूत करने के लिए किया जाता है।
**नारी स्थिति:**- सोफिया,किशोरी, रोहिणी आदि महिलाओं के माध्यम से प्रेमचंद ने स्त्री चेतना को भी सशक्त रूप में रखा है।

### 'रंगभूमि' का प्रतीकात्मक अर्थः भारत की आत्मा

'रंगभूमि' शब्द स्वयं में गहरे प्रतीकात्मक अर्थ समेटे हुए है। यह उस धरातल का प्रतिनिधित्व करता है, जहां व्यक्ति और व्यवस्था आमने-सामने खड़े हैं – एक ओर है आत्मबल,नैतिकता और जनचेतना; दूसरी ओर है सत्ता, धन और छल। सूरदास की भूमि, जो रंगभूमि बनी, वह भारत की आत्मा है–जिसे न गुलामी से दबाया जा सकता है, न लालच से खरीदा जा सकता है।

### निष्कर्ष:रंगभूमि–अतीत से वर्तमान तक की गूंज

'रंगभूमि' एक ऐतिहासिक उपन्यास होते हुए भी आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है। आज भी व्यक्ति अपने अधिकारों, नैतिकता और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए व्यवस्था से संघर्ष कर रहा है। प्रेमचंद का यह उपन्यास उस समय की आवाज़ है, जो आज भी सामाजिक अन्याय, आर्थिक विषमता और नैतिक पतन के विरुद्ध प्रेरणा देता है। सूरदास का संघर्ष हमें बताता है कि व्यक्ति अकेला होकर भी अजेय हो सकता है, यदि उसमें नैतिक बल हो। 'रंगभूमि' उपन्यास व्यक्ति और व्यवस्था के बीच चल रही उस रंगमंचीय लड़ाई का नाम है, जिसकी अंतिम विजय अंततः सत्य और नैतिकता की ही होती है।

## कविता

### कविता ख्वाहिश खत्म नहीं होती...

घटती-घटना

प्रो. शामलाल कौशल
रोहतक हरियाणा

जिंदगी जितनी लंबी भी जी लो
जीने की ख्वाहिश खत्म नहीं होती।
जिंदगी में धन कितना भी कमा लो
तृष्णा फिर भी खत्म नहीं होती।
ज्ञान जितना भी इकट्ठा कर लो
फिर भी
और जानने की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
ओहदा चाहे जितना भी ऊंचा
प्राप्त कर लो
और ऊंचा होने की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
कामवासना में कोई कितना भी
लिप्त हो जाए
फिर भी काम की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
अपने परिवार से चाहे कितना
भी प्रेम कर लो
फिर भी उनसे प्रेम की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
जिंदगी में चाहे कितने भी हम
तरक्की कर ले
और तरक्की की ख्वाहिश कभी
खत्म नहीं होती।
आप समाज सेवा चाहे कितनी
भी क्यों न कर लो
और सेवा करने की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
आप सच्चे मित्र के साथ कितना
समय बिता लो
और समय बिताने की ख्वाहिश
खत्म नहीं होती।
एक दूसरे को चाहने वाले
कितना भी इकट्ठे रह ले
और इकट्ठा रहने की ख्वाहिश
कभी खत्म नहीं होती।

# विकास की दौड़ में दरकिनार भुखमरी



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

भारत में गरीबी,भुखमरी चिंतनीय। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी भुखमरी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं।
भारत के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन बहुत ही सीमित और न्यून है, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध कृषि,जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को द्रुत गति से सुधारना होगा और निःसंदेह इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और परिणाम स्वरूप गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से ना सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थ शास्त्रियों ने अपने अलग अलग मत व सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं । कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है,प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।



जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है,इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया,अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन,कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था,पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 141 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है। ई गवर्नेंस व स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म,संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# अनोखी सोच द्वारा नाग पंचमी पूजा एवं कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन





-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

आज नागपंचमी के शुभ अवसर पर अंबिकापुर शहर की अनोखी सोच सामाजिक संस्था ने अपने धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्यों के अंतर्गत स्थानीय बाबा विश्वनाथ एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा का कार्य सम्पन्न कराया।जिसमें आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चन किया और महादेव और बजरंगबली से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात संस्था द्वारा मणिपुर क्षेत्र में कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्रारंभ कराया जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही। कुश्ती में छोटी उम्र से लेकर बड़े पहलवानों ने अपने कुश्ती के जोहर का प्रदर्शन किया। जिसमें दर्शकों ने पहलवानों के पैतरों और कुश्ती देखने का जबरदस्त आनंद लिया। संस्था के द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर प्रांगण में पूजा उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। आज की कुश्ती के कार्यक्रम में सीनियर वर्ग के विजेता अनुज खेस को रु 15000 और उपविजेता ऋषभ मिश्रा को रु 7100 की राशि तथा जूनियर वर्ग के प्रथम विजेता शांतनु साहू को रु 5100 और उपविजेता अगत मुंडा को रु 3100 की नकद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई ।

इसके उपरांत प्रतिवर्ष की भांति सायंकाल 6:00 बजे से बजरंगबली के यश प्रतिष्ठा एवं भक्ति के प्रतीक ध्वज के साथ बड़ी झांकी और जुलूस के रूप में जुलूस यात्रा भी संपन्न हुई। जिसमें नगर के भक्ति भाव रखने वाले श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। इस प्रकार नाग पंचमी का पूरा दिन भक्ति भाव , शारीरिक सौष्ठव एवं एकजुटता को प्रेरित करने से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव,निश्चल सिंह,विनोद अग्रवाल,पार्षद मनोज कंसारी,सुरेश मलिक एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। उक्त समस्त कार्यक्रमों का संपादन एवं संचालन अनोखी सोच संस्था के द्वारा किया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष श्री प्रकाश साहू, अभय साहू,पंकज चौधरी, दिनेश गर्ग,राकेश शुक्ला,मोती ताम्रकार,अरुण अग्रवाल,लरंग मुंडा,जवाहर साहू,सुनील साहू,बजरंग,भोला रक्सेल,बनाफर मुंडा,सावन और कार्यकर्ताओं की प्रमुख भूमिका रही।

## नाग पंचमी पर काल सर्प दोष शांति पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन



-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय समलाया वास्तु ज्योतिष केंद्र द्वारा नाग पंचमी के शुभ अवसर पर काल सर्प दोष शांति पूजन एवं महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्र के संचालक पंडित योगेश नारायण मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिलेभर से आए लगभग 51 जोड़ों ने पूजा में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विशेष मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई गई। सावन मास में भगवान शिव की आराधना करते हुए श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग पर अभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं जीवन की बाधाओं के निवारण हेतु प्रार्थना की। पंडित योगेश नारायण मिश्र ने बताया कि नाग पंचमी पर काल सर्प दोष शांति एवं रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। दूध,मधुरस,घी, सरसों तेल,शर्करा युक्त दूध और फलों के रस से भगवान शिव का अभिषेक करने से दीर्घायु,धन-लाभ, आरोग्यता, शत्रु नाश,संतान प्राप्ति और आनंद की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्व कल्याण एवं सभी के जीवन में शांति और मंगल की भावना से प्रतिवर्ष किया जाता है।

इस धार्मिक आयोजन में पंडित अंकित शर्मा, पंडित राजा मिश्रा,पंडित दुर्गेश पांडेय,पंडित रुकम पांडेय और पंडित कृष्णकांत पोडिल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेघा कश्यप,जिया कश्यप,सृष्टि कश्यप एवं उनकी सखियों ने भी सेवा और सहयोग प्रदान किया। पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

## भाई ने भाई का सिर फोड़ा 10 हजार के विवाद में गई जान



-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

दरिमा के ग्राम पाकजाम में सोमवार की रात को 10 हजार रुपए को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष हो गया। छोटे भाई ने वजनी लकड़ी से बड़े भाई के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इसेस उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ईश्वर साय पिता धनी राम 36 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पाकजाम का रहने वाला था। वह कुछ दिन पूर्व खेती कार्य के लिए केसीसी लोन बैंक से निकाला था। उक्त रुपए को अपने छोटे भाई संजय साय उम्र 30 वर्ष को खेती कार्य कराने के लिए दिया था। तीन भाइयों में ईश्वर साय सबसे बड़ा और संजय सबसे छोटा है। सोमवार को धान रोपाई का कार्य खत्म हो गया था। रात करीब 10 बजे खाना खाने के दौरान ईश्वर ने संजय से 10 हजार रुपए के खर्च का हिसाब मांगा। इसे लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान गुस्से में संजय ने वजनी लकड़ी उठाकर बड़े भाई के सिर पर मार दिया और वहां से भाग गया। लकड़ी के वार से ईश्वर बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने उसके चेहरे पर पानी डाला और उसे उठाने की कोशिश की,नहीं उठा तो परिजन देर रात करीब 3 बजे उसे लेकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे। इलाज शुरू करने के साथ ही नईहर साय की मौत हो गई।सूचना पर दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन का बयान दर्ज किया। मामले में पुलिस ने फरार आरोपी संजय साय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## तलवार दिखाकर परिजन को धमका रहा था युवक,गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



मणीपुर थाना पुलिस ने 29 जुलाई को एक युवक को तलवार लहराते हुए गिरफ्तार किया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम दर्रीपारा स्थित सामुदायिक भवन के पास पहुंची, जहां अल्ताब खान पिता सलीम खान (उम्र 25 वर्ष) अपने घर के बाहर तलवार लहराकर परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से एक धारदार लोहे की तलवार जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 351(3) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# संभाग स्तरीय रेड रन मैराथन दौड़ 2025 का आयोजन

## एचआईवी/एड्स जागरूकता हेतु युवाओं ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, सुभाषनगर अंबिकापुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त प्रयास से संभाग स्तरीय रेड रन मैराथन दौड़ 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रानी रजक द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की सहायक संचालक श्रीमती नीतू मांडवी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. एन. पाण्डेय (जिला समन्वयक,एनएसएस) एवं श्री खेमकरण अहिरवार (जिला संगठक,संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पौध भेंट कर किया गया। दौड़ की शुरुआत पी.जी. ग्राउंड अंबिकापुर से हरी झंडी दिखाकर की गई। इस मैराथन दौड़ में सरगुजा संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्रों,एनएसएस स्वयंसेवकों तथा रेड रिबन क्लब सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जनजागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में युवाओं के उत्साह, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में बालक वर्गः प्रथम-कुंदन साहू (राजीव पी.जी. कॉलेज,अंबिकापुर),द्वितीय - राहुल कुमार सिंह (सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय),तृतीय-तेज सिंह (शास. रेवती रमण महाविद्यालय,सूरजपुर),चतुर्थ -कर्मा सन्यासी (आर.बी.आर. कॉलेज, जयपुर) पंचमदृप्रीतम राजवाड़े (शास. रेवती रमण महाविद्यालय,सूरजपुर)

**बालिका वर्ग :** में प्रथमदृजेनिसा तिर्की (सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय), द्वितीयदृसोनकुमारी सिंह (राजीव पी.जी. कॉलेज,अंबिकापुर),तृतीयदृअंकिता (सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय),चतुर्थ - मिथिला चौहान (सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय), पंचम - मानसी राजवाड़े (राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय)

**पुरस्कार राशि :** में प्रथम स्थान - 2000 रुपए, द्वितीय-1500 रुपए, तृतीय -1000 रुपए एवं अन्य प्रतिभागियों को 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती प्रियलता जायसवाल,श्री मिथलेश गुर्जर,सुश्री सविता यादव,सुश्री सीमा बंजारे, सुश्री पूजा रानी,सुश्री ज्योत्सना राजभर, सुश्री अर्चना सोनवानी,श्रीमती गोल्डन सिंह, श्री नितेश यादव,श्री सुन्दर राम सहित स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। यह आयोजन न केवल खेल व स्वास्थ्य के प्रति प्रेरणा बना,बल्कि समाज में जन-जागरूकता एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का सशक्त संदेश भी दिया गया।

## देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग में तीसरे सोमवार को भी हुआ महारुद्राभिषेक व भव्य भंडारा

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



देवटिकरा में स्तिथ प्रसिद्ध देवगढ़ धाम में राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य, वरिष्ठ समाजसेवी बिश्रामपुर निवासी श्री सुभाष गोयल व अंबिकापुर निवासी समाजसेवी विजय गोयल ने सपरिवार आज श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश कि सुख-समृद्धि-खुशाली कि कामना की।

उक्त धार्मिक आयोजन पंडित चंद्रेश महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सपत्नीक श्री सुभाष गोयल एवं श्री विजय गोयल ने आज देवगढ़ धाम स्थित अर्धनरेश्वर शिवलिंग का गन्ना रस, दूध,गंगाजल एवं पंचामृत से महारुद्राभिषेक किया और साथ ही सवा पाँच करोड़ सम्मिपत्र, बेल्वपत्र,पुष्प,अखंड अक्षत, जौ, काली तिल,काली मिर्च व अन्य पूजन सामग्री से सहस्त्रार्चन किया धार्मिक आयोजन के पश्चात गोयल परिवार द्वारा बाबा को महा-भोग लगा कर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जिसमे हजारों शिव भक्तों ने प्रसाद रूपी भोग का ग्रहण कर लाभ उठाया विदित हो कि गोयल परिवार बिश्रामपुर द्वारा इसी तरह श्रावण मास के प्रति सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है श्री गोयल ने शिव भक्तों से निवेदन किया है कि आने वाले आखरी सोमवार को ज़्यादा से ज़्यादा भक्त प्रसाद ग्रहण करे बाबा कि शरण में पधारे। उक्त आयोजन को सफल बनाने में गोयल परिवार के सदस्यों सहित देवटिकरा के जनपद सदस्य श्री विजय यादव, मोहन गोयल,नरेश मित्तल,रमेन्द्र सिंह (नूनू सिंह),मौनी बाबा, श्रीराम पांडे, विकाश गोयल, लखनपुर से सुनील अग्रवाल, सुरेश पांडे,धीरज पांडेय,महेश, देवेंद्र, सिल्लू सहित अन्य भक्त सक्रिय रहे।

## सरगुजा के खिलाड़ियों ने तमिलनाडु में लहराया छत्तीसगढ़ का परचम



-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

21वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप चेन्नई तमिलनाडु में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में सरगुजा जिले से सब-जूनियर टीम में रुद्राक्षी जैन,संजना मिंज, रीत्विक राज गुप्ता,आयुष बारी शामिल हुए थे। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ टीम उपविजेता रही।

विजेता खिलाड़ियों को एमआईसी मेंबर प्रियंका गुप्ता, विकास गुप्ता, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, केपी सिंह,निशांत सिंह,रजत सिंह खुशबू गुप्ता व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### कलेक्टर विलास भोसकर पहुंचे पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय...पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय,सैनिक स्कूल अम्बिकापुर

# निर्माण कार्यों का किया अवलोकन,गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य जल्द पूरे करने दिए निर्देश

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।







कलेक्टर श्री विलास भोसकर मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत श्री विनय अग्रवाल के साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लेने निकले। इस दौरान उन्होंने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय,पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर, सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में पूर्व में स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यकताओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने सर्वप्रथम पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने इस दौरान डीएमएफ से पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री भोसकर ने 24 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन 3 अतिरिक्त कक्ष की धीमी प्रगति को देखते हुए ईई आरईएस को जल्द कार्य पूर्ण कराए जाने निर्देशित किया। डीएमएफ से स्वीकृत अन्य निर्माण कार्यों में बोरवेल,बच्चों के लिए ओपन जिम आदि शामिल है, उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने कहा। वहीं विद्यालय के मुख्य द्वार से 500 मीटर तक सीसी रोड निर्माण हेतु कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य से स्कूल में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर श्री भोसकर ने केंद्रीय विद्यालय अम्बिकापुर पहुंचकर बच्चों के सुविधा हेतु 41 लाख रुपए में स्वीकृत शेड निर्माण की प्रगति का जायजा लिया, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में देरी ना हो। विद्यालय में पानी की समस्या संज्ञान में आने पर उन्होंने पीएचई विभाग को बोरवेल हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में पूर्व में डीएमएफ मद से 10 लाख रुपए की लागत से 6 इंटरेक्टिव पैनल प्रदान किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने सैनिक स्कूल में 28.38 लाख रुपए की लागत से सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट स्वीकृत किए जाने निर्देशित किया, उन्होंने स्कूल से एक किमी की सड़क में बीटी कार्य हेतु पीएमजीएसवाई के अधिकारी को कार्ययोजना तैयार करने कहा। डीएमएफ मद से पूर्व में 30.87 लाख रुपए से टॉयलेट ब्लॉक मरम्मत,10 लाख रुपए की लागत से पिकअप वाहन आदि कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने इस दौरान विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, खेल सहित अन्य गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी ली।

CMYK

# रूस ने यूक्रेन की जेल पर दागीं मिसाइलें

## 17 कैदियों समेत 22 लोगों की मौत,80 से अधिक घायल

**कीव,29 जुलाई 2025।** रूस ने यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा सुविधा पर ग्लाइड बमों और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। रूस ने यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के कुछ घंटे बाद किया है। जिसमें ट्रंप ने रूस को चेतावनी देते हुए कहा कि,अगर वह यूक्रेन के साथ समझौता नहीं करता है, तो उसे कड़े प्रतिबंधों और टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। यह हमला सोमवार देर रात किया गया। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिरा गए। हमले में में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक घायल हो गए। केंद्रीय यूक्रेन के ड्नीप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइलों ने एक तीन मंजिला इमारत को निशाना बनाया और पास के चिकित्सा संस्थानों को नुकसान पहुंचाया है। रूसी हमलों में एक प्रसूति अस्पताल और शहर का एक अस्पताल वार्ड सहित आस-पास की कई चिकित्सा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और आठ घायल



हो गए। जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। जिसकी हालत गंभीर है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश भर में 73 शहरों,कस्बों और गांवों को रूस ने निशाना बनाया है। इन हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा,ये जानबूझकर किए गए हमले थे, आकस्मिक नहीं।

**यूक्रेन ने किया पलटवार :** यूक्रेन ने रूसी हमलों का जवाब देने के लिए अपनी लंबी दूरी की ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किय। जिसके जरिए उसने रूस के तेल डिपो, हथियार निर्माण संयंत्रों को निशाना बनाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रातभर में 74 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। जिनमें से 43 ब्रायंस्क क्षेत्र में थे। रूस के रोस्तोव क्षेत्र के प्रमुख यूरी स्ल्यूसर ने बताया कि साल्स्क शहर में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और साल्स्क रेलवे स्टेशन पर आग लग गई।

एक मालगाड़ी जल गई और यात्री ट्रेन के दो डिब्बों की खिड़कियां टूट गईं। यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और रेलवे यातायात को स्थगित कर दिया गया।

### ग्लाइड बम,ड्रोन और मिसाइलों से हमला

यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि रूस ने रात में दो एस्कंडर-एम बैलिस्टिक मिसाइलें और 37 शाहेड-टाइप के हमलावर ड्रोन तथा डिकोय ड्रोन लॉन्च किए। इनमें से 32 शाहेड ड्रोन यूक्रेनी डिफेंस सिस्टम ने नष्ट या निष्क्रिय कर दिए। मध्यरात्रि के आसपास रूस ने बिलेंकिवस्का सुधार सुविधा पर हमला किया। जिससे जेल का भोजन हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और अन्य प्रशासनिक व क्वारंटीन भवनों को नुकसान पहुंचा। हालांकि जेल की परिधि की बाड़ को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई कैदी फरार नहीं हुआ। हमले में कम से कम 42 कैदियों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य 40 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस हमले की निंदा की और कहा कि जेल जैसे नागरिक ढांचे पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत युद्ध अपराध है।

# बीजिंग में भारी बारिश का कहर...

## अब तक 30 की मौत,80 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजा...

**बीजिंग,29 जुलाई 2025।** चीन की राजधानी बीजिंग इस समय भीषण बाढ़ और बारिश की चपेट में है। बीते कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीजिंग के नगर निगम बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय के अनुसार अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बीजिंग के जिन इलाकों में सबसे ज़्यादा मौतें हुई हैं, उनमें मियुन ज़िला सबसे प्रभावित रहा है। यहां 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि यानचिंग जिले में दो लोगों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, सबसे अधिक वर्षा मियुन में दर्ज की गई, जो 543.4 मिलीमीटर तक पहुंच गई। इन क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं।

### सड़कें टूटीं,गांवों में बिजली गुल

भारी बारिश और बाढ़ की वजह से बीजिंग में 31 सड़कों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 136 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। प्रशासन ने लोगों को तेज बहाव वाली नदियों और खतरनाक इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है। बीजिंग में अभी भी बारिश रुक-रुक कर हो रही है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं।

### सतर्कता का उच्चतम स्तर लागू

सोमवार रात बीजिंग के नगर बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने पूरे शहर में बाढ़ आपात प्रतिक्रिया प्रणाली का सबसे ऊंचा स्तर लागू कर दिया। इसका मकसद यह है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्यवाही की जा सके। नगर प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क किया गया है और संवेदनशील इलाकों में राहत दलों को तैनात किया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि लापता और फंसे हुए लोगों की हर हाल में तलाश की जाए और संकटग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को तुरंत



सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारियों को सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए और हर कदम योजनाबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपात प्रतिक्रिया तत्काल शुरू की जाए ताकि लोगों की जान और संपत्ति को पूरी तरह से सुरक्षित किया जा सके।

### प्रधानमंत्री ली क्यांग ने दिए निर्देश

चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने भी राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों से कहा है कि वे स्थानीय सरकारों को मजबूत और प्रभावशाली जवाब देने में मदद करें। उन्होंने चेतावनी दी कि देश के अन्य हिस्सों में भी मौसम की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए समन्वय के साथ काम किया जाए। बीजिंग में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। हजारों आपदा राहत कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन भी शुरू हो गया है, जिसमें सड़क, बिजली, जल आपूर्ति और आवास जैसे बुनियादी ढांचे की मरम्मत प्राथमिकता है। फिलहाल मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। सरकार ने लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# नीदरलैंड का फैसला : इस्राइली पीएम के दो करीबी मंत्रियों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

**हेग,29 जुलाई 2025।** नीदरलैंड ने गाजा में बिगड़ते हालात के बीच दो दक्षिणपंथी इस्राइली मंत्रियों के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह जानकारी नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने दी। इन प्रतिबंधों और कुछ अन्य कदमों की घोषणा सोमवार देर रात सांसदों को भेजे गए एक पत्र में की गई। वेल्डकैंप ने पत्र में लिखा, गाजा में युद्ध रुकना चाहिए। यह प्रतिबंध इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच पर लगाया गया है। ये दोनों प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में अहम सहयोगी हैं। दोनों मंत्री यहूदी बस्तियों और गाजा में युद्ध जारी रखने के समर्थक हैं। दोनों वहां के फलस्तीनियों को 'स्वेच्छा से पलायन' के लिए प्रोत्साहित करने और यहूदी बस्तियां बसाने के पक्षधर हैं। पिछले महीने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और नॉर्वे ने भी इन दोनों मंत्रियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। मंगलवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के नेता मिलेंगे और इस्राइल के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा करेंगे।

नीदरलैंड चाहता है कि इस समझौते के कुछ हिस्सों को निलंबित किया जाए। बेन-ग्वीर और स्मोट्रिच ने प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया दी है। स्मोट्रिच ने सोशल मीडिया पर कहा कि यूरोपीय नेता इस्लामी चरमपंथ के झूठ के सामने झुक रहे हैं और भविष्य में यहूदी शायद यूरोप में भी सुरक्षित न रह सकें। बेन-ग्वीर ने कहा कि वह अपना काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यूरोप में एक यहूदी मंत्री को नापसंद किया जाता है, आतंकियों को आजादी दी जाती है और यहूदियों का बहिष्कार किया जाता है। अक्टूबर में होने वाले चुनावों से पहले नीदरलैंड की सरकार पर इस्राइल नीति में बदलाव को लेकर दबाव बढ़ रहा है। पिछले हफ्ते देशभर के रेलवे स्टेशनों पर हजारों लोगों ने गाजा में खाने की कमी के खिलाफ बर्तन और चम्मच बजाकर प्रदर्शन किया। सरकार ने यह भी कहा है कि वह नीदरलैंड में इस्राइली राजदूत को तलब करेगी और प्रधानमंत्री नेतन्याहू से गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति को जल्द और प्रभावी ढंग से सुधारने के लिए कदम उठाने की मांग करेगी।

## सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने रेडियम कॉलर अभियान की शुरुआत



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं मवेशियों को दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस ने अनोखा अभियान शुरू किया है। मंगलवार को रक्षित केंद्र अंबिकापुर में रेडियम कॉलर अभियान की शुरुआत की गई। इस विशेष अभियान का शुभारंभ आईजी दीपक झा के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। अभियान के तहत जिले के सभी पेट्रोलिंग वाहनों एवं उनमें तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को रेडियम कॉलर दिए गए जिनका उपयोग वे ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ किनारे घूमते मवेशियों के गले में बांधने के लिए करेंगे। यह कॉलर रात के समय मवेशियों को दूर से ही चिन्हित करने में मदद करेगा, जिससे वाहन चालकों को सतर्कता बरतने में सुविधा होगी और दुर्घटनाएं रोकी जा सकेंगी। आईजी दीपक झा ने कहा कि सडक़ हादसों में सिर्फ इंसान ही नहीं, मवेशी भी जान गंवाते हैं। ऐसे में यह अभियान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पेट्रोलिंग स्टाफ को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों व प्रभावित गांवों में मवेशियों को रेडियम कॉलर लगाएं। वहीं मवेशी मालिकों से भी सरगुजा पुलिस ने अपील की गई कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत,कोतवाली प्रभारी मनीष सिंह परिहार सहित जिले के अन्य थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्मी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### शादी का झांसा देकर जबरन किया दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



-संवाददाता-
**सनावल,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
बलरामपुर जिले के सनवाल पुलिस द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल। जानकारी केअनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना सनवाल में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार,वह अपनी शादी के 15 दिन बाद मायके में रह रही थी। इसी दौरान ग्राम डूमरपान निवासी अजय सिंह गोंड, जो कि उसके मायके स्थित किराना दुकान में आता-जाता था,ने दिनांक 20 जुलाई 2025 को शाम लगभग 7:00 बजे उसे अकेले देखकर जबरन अपने मोटरसाइकिल (टीवीएस) में बैठाकर चूना पाथर जंगल ले गया, जहां पर जबरन बलात्कार किया।इसके बाद आरोपी उसे वाड्रफनगर ले जाकर एक रूम में चार दिनों तक रखकर कई बार दुष्कर्म करता रहा। साथ ही,घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर थाना सनवाल में अपराध क्रमांक 42/2025 धारा 87, 69, 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए,जिसके तहत साइबर सेल की मदद से अजय सिंह गोंड,पिता फूलचंद सिंह गोंड,(23 वर्ष),निवासी डूमरपान, छाताकरम,थाना सनवाल,जिला बलरामपुर को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया।

# दंगल प्रतियोगिता का आयोजन सरगुजा केसरी बने प्रदीप पैकरा





-संवाददाता-
**अंबिकापुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
नागपंचमी के अवसर पर मंगलवार को सरगुजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में भव्य दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के सरगुजा,भिलाई,रायपुर सहित उत्तर प्रदेश और झारखंड से आए करीब 100 से अधिक जोड़ों ने भाग लिया। इस मौके पर कलेक्टर विलास भोस्कर ने कुश्ती प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने सरगुजा कुश्ती संघ को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की ताकि संघ भविष्य में और बेहतर आयोजनों का संचालन कर सके। सरगुजा केसरी के विजेता प्रदीप पैकरा (असोला, अंबिकापुर) बने,जिन्हें 21 हजार नगद व शील्ड प्रदान की गई। उपविजेता मोहम्मद अयान (अंबिकापुर) को 11 नगद व शील्ड दी गई। सरगुजा कुमार के विजेता दुर्गेश बंशगार (बिलासपुर) 11 हजार रुपए नगद व शील्ड के साथ सम्मानित हुए। उपविजेता लक्ष्मी प्रसाद (असोला,अंबिकापुर) को 51 सौ नगद व शील्ड प्राप्त हुआ। सरगुजा अभिमन्यु वर्ग में अर्जुन सारथी (अंबिकापुर) 31 सौ नगद व शील्ड के साथ विजेता रहे,वहीं उपविजेता देवानंद (उदारी, लुंड्रा) को 21 सौ नगद व शील्ड से नवाजा गया। प्रतियोगिता में सरगुजा कुश्ती संघ के संरक्षक मेजर अनिल सिंह, रामा पांडेय,ललन प्रताप सिंह,द्वितेंद्र मिश्रा, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, आईजी दीपक झा,भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया,आरएसएस जिला प्रचारक जितेन्द्र शर्मा,हरमिंदर सिंह (टिन्नी), अभिमन्यु गुप्ता,आलोक दुबे,मधुसूदन शुक्ला,सरगुजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष विकास पांडेय,दीपक सिंह तोमर,संजीव वर्मा,शशिकांत जायसवाल, रूपेश दुबे,शैलेन्द्र सिन्हा,प्रकाशमणि त्रिपाठी, रविशंकर जायसवाल,रविकांत उरांव,रवि विश्वकर्मा, सुनील यादव,विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, राहुल पांडेय,हर्ष पांडेय सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन नव प्रवेशी बच्चों को कराया गया शाला प्रवेश एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण

-संवाददाता-
**लखनपुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
लखनपुर विकासखंड के जयपुर संकुल केंद्र में 29 जुलाई दिन मंगलवार को संकुल स्तरीय साला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन कहां किया गया था अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला सिंह ,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल,महामंत्री विक्रम सिंह,महामंत्री सचिन बंसल , महेश्वर राजवाड़े,उपाध्यक्ष यतेंद्र, पाण्डे, सांसद प्रतिनिधि रंजीत दास ,पूर्व सरपंच बुधन सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम माता सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक देकर



उत्साह पूर्वक स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के तहत संकुल केंद्र परिसर में पौधारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया । इस दौरान संकुल समन्वयक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं नवप्रवेशी बच्चे मौजूद रहे।

## सूरजपुर पुलिस की पहल,रेडियम कॉलर रोकेगा सड़क हादसे

### यातायात पुलिस ने मवेशियों के गले पहनाई सुरक्षा पट्टा रेडियम कॉलर





-संवाददाता-
**सुरजपुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से कई बार सड़क हादसों का डर बना रहता है। जिसमें वाहन चालक के साथ ही गौवंश सड़क हादसे का शिकार हो जाते है। ऐसे में सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात पुलिस को गौवंश के गले में रेडियम कॉलर पट्टी पहनाने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में यातायात पुलिस के द्वारा दिनांक 21 से 27.07.2025 के मध्य एनएच-43 सहित विभिन्न मार्गो में विचरण कर रहे 150 गौवंश के गले में रेडियम युक्त कॉलर पट्टी बांधी गई है ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि आए दिन इस तरह की बात सुनने को मिलती है कि सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से सड़क हादसे हुए हैं। खासतौर पर रात के समय सड़कों पर बैठे मवेशी वाहन चालक को दिखाई नहीं देते जिसकी वजह से भी सड़क हादसे होते हैं। इसी को देखते हुए सूरजपुर पुलिस के द्वारा एक छोटी सी पहल की गई है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस के अलावा जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा ऐसे मवेशी जो सड़कों पर बैठे रहते हैं उनके गले पर रेडियम कालर पहनाया जाएगा। जिससे रात में चलने वाले वाहन चालक दूर से देखकर समझ जाएंगे कि वहां पर मवेशी बैठा हुआ है। वाहन चालक सतर्क और सावधान होकर वहां से आसानी से निकल सकता है। ऐसा करने से सड़क हादसे में कमी लाई जा सकती है।

# होटल में घुसकर महिला से मारपीट और छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**बारियों,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
बलरामपुर जिले के राजपुर अंतर्गत बारियों चौकी पुलिस ने होटल में सो रही महिला से मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने वाले आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी सरगुजा जिले के थाना धौरपुर क्षेत्र का निवासी है,जिसके विरुद्ध पहले से कई गंभीर आपराधिक मामलों के प्रकरण दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दिनांक 27 जुलाई 2025 को शाम लगभग 5 बजे आरोपी अरबाज अली (30



वर्ष) निवासी बिलमा,बबौली, थाना धौरपुर,जिला सरगुजा एक महिला के होटल में आया और मोबाइल चार्ज करने की बात कहकर थोड़ी देर रुका। रात लगभग 11-12 बजे जब महिला होटल बंद कर सो रही थी,तभी आरोपी होटल में पीछे से घुस आया और महिला से जबरन बदसलूकी करने लगा। महिला के विरोध करने पर उसने गला पकड़कर गाली-गलौच और मारपीट की,तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर पास स्थित पेट्रोल पंप की ओर भागी,जहां मौजूद लोगों ने उसकी मदद की। आरोपी वहां भी पीछे-पीछे पहुंचा और गवाहों पर पत्थर से हमला करने लगा। एक व्यक्ति को टांगी से हाथ में गंभीर चोट पहुंचाई गई। ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस को सूचना दी गई। पीड़िता की शिकायत पर चौकी प्रभारी बरियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज कर प्राथमिक रिपोर्ट तैयार की गई तथा डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 176/2025,धारा 331,74, 296, 351(2),115(2),69 भा.न्या.सं. के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपी अरबाज अली एक शातिर और बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ थाना धौरपुर, जिला सरगुजा में पूर्व में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं,जिनमें हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट तथा एससी/ एसटी एक्ट के तहत अपराध शामिल हैं। कार्यवाही में शामिल रहे उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह (चौकी प्रभारी),सउनि मुन्ना राम,प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव (406), आरक्षक जगनाथ केराम (677), आरक्षक सुबोध पैंकरा (719), आरक्षक अनिल एक्का (158), आरक्षक सुरेन्द्र रवि (649) की सराहनीय भूमिका थी।

# सचिव द्वारा अपने सगे संबंधी और रिश्तेदारों के नाम से फर्जी बिल लगाकर आहरण करने की शिकायत जनदर्शन में पर कार्यवाही अभी तक नहीं

**बैकुंठपुर विकासखंड में पंचायत सचिवों की मनमानी चरम पर,अधिकांश पंचायत का है यही हाल,नहीं खुलता कभी पंचायत भवन**

**कहीं केवल सचिव की मनमानी,और कहीं-कहीं सरपंच और सचिव के तालमेल से हो रहा खेल**

**बिना ग्राम सभा और पंचायत के प्रस्ताव के आहरण हो रहे बिल**

**जहां सचिव का कार्य केवल कागजी कार्यवाही एवं लिखा पढ़ी का होता है, वही बन बैठे हैं पंचायत के सर्वेसर्वा**

**विकास कार्य जमीन से कोसों दूर,कमीशन के खेल में ग्रामीण जनता की डूब रही विकाश की नैया**

**पंचायत चुनाव के बाद अधिकांश सचिवों के स्थानांतरण की गुहार लगा रहे निर्वाचित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन,अधिकांश पंचायत में सचिवों ने पंचायत स्तर पर काम करने के लिए कमीशन पर तय कर लिए हैं ठेकेदार**




-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था और इस व्यवस्था को कायम रखने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से पंचायत स्तर पर चुनाव संपन्न कराए जाते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने कार्यों का निर्वहन सुचारू रूप से कर सकें,इसलिए पंचायत स्तर पर सचिव की नियुक्ति की जाती है। जिसका मुख्य कार्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि के कार्यों में सहयोग करना,समस्त दस्तावेजी कार्यों को संपन्न करना,लिखा पढ़ी के कार्यों को क्रियान्वित करना और शासन तथा पंचायत के बीच में समंजन स्थापित करना होता है। परंतु जब वही नियुक्त पंचायत सचिव जब अपने आप को पंचायत का सर्वे सर्वा समझने लगे और ग्रामीण जनता के सुविधाओं के लिए तथा निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त राशि को भ्रष्टाचार के माध्यम से स्वयं का हक समझने लगे, तो निश्चय ही विकास जमीन स्तर से कोसों दूर होता चला जाता है। और जिस उद्देश्य से पंचायती राज व्यवस्था की कल्पना की गई है,उसके निहित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाती। आमतौर पर यह देखा गया है कि वर्तमान में पंचायत में पदस्थ सचिव अपने निजी हित को सर्वोपरि मानकर चलते हैं,और लिखा पढ़ी तथा कार्यवाही से परे हटकर निर्माण कार्यों के ठेकेदारी,कमीशन खोरी और फर्जी बिल आहरण के लिए स्वयं के सगे संबंधी और रिश्तेदारों के तथाकथित फर्मों के माध्यम से पंचायत को कमाई के जरिया बना लिए। जहां सरपंच कमजोर बुद्धिजीवी वर्ग या कम पढ़ा लिखा है, वहां सचिव अपनी पूरी मनमानी चलाते हैं, जहां ऐसी दाल नहीं गलती,उस पंचायत में सरपंच को प्रलोभन देकर और उसे झांसे में रखकर अपने मनमानी क्रियाकलाप को अंजाम देते हैं।

### सचिव द्वारा अपने सगे संबंधी और रिश्तेदारों के नाम से फर्जी बिल लगाकर आहरण करने की शिकायत जनदर्शन में

ताजा मामला ग्राम पंचायत पूटा का है,जहां पहले सरपंच और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से वर्तमान पदस्थ सचिव रामकुमार राजवाड़े के क्रियाकलापों के कारण स्थानांतरण की मांग की। जनदर्शन में शिकायत देने के बाद भी वर्तमान पदस्थ सचिव रामकुमार राजवाड़े का स्थानांतरण तो नहीं हुआ, परंतु बेहद गंभीर आरोप ग्राम पंचायत के सरपंच, निर्वाचित पंच, और ग्रामीणों ने सचिव रामकुमार राजवाड़े पर लगाते हुए जनदर्शन में पुनः शिकायत दर्ज कराई है। और शिकायत पर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। यह सर्वविदित है कि ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य एवं अन्य मदों में खर्च की गई राशि का आहरण पंचायत के निर्वाचित सरपंच और पदस्थ सचिव स्वयं अपने सगे संबंधियों, निकट के रिश्तेदारों के फर्म के माध्यम से बिल लगाकर आहरण नहीं कर सकते। परंतु ग्राम पंचायत पुटा के सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने वर्तमान पदस्थ सचिव रामकुमार राजवाड़े पर गंभीर आरोप लगाते हुए जनदर्शन में आवेदन दिया है कि सचिव ने अपने बेटे के फर्म के नाम से विभिन्न कार्यों की राशि का आहरण किया है, और कई ऐसे फर्मों के फर्जी बिल सामग्रियों के भुगतान के लिए लगाए गए हैं, जो मार्केट रेट से कई गुना अधिक है। पंचायत के विकास निधि के भ्रष्टाचार के यह आरोप बेहद गंभीर हैं और निश्चय है इसकी जांच कर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। परंतु जनदर्शन में आवेदन देने के अब तो बाद भी किसी प्रकार की जांच ना होना आने वाले समय में भ्रष्टाचार को और बढ़ावा देने जैसा है।

### अधिकांश पंचायत में सचिवों ने पंचायत स्तर पर काम करने के लिए कमीशन पर तय कर लिए हैं ठेकेदार

बैकुंठपुर विकासखंड के अधिकांश पंचायत में पदस्थ सचिवों ने पंचायत को मोटी कमाई का जरिया बनाने के लिए पंचायत में होने वाले विकास कार्यों और निर्माण कार्यों में काम करने के लिए कमीशन युक्त ठेकेदारों को चिन्हित कर लिया है। और एजेंसी भले ही ग्राम पंचायत हो, निर्माण कार्य इन्हीं ठेकेदारों द्वारा करवाये जा रहे हैं। क्योंकि निर्माण कार्यों की राशि की बंदरबांट की जानी है, अतः ऊपर से लेकर नीचे तक कमीशन खोरी के चलते गुणवत्ता तो सोचनीय विषय हो गई है। पंचायत में स्थिति इतनी गंभीर है कि ग्रामीण जनता के निजी हित के लिए स्वीकृत कार्य जैसे आवास,डबरी पशु शेड में भी भारी भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। स्थिति तो यहां तक गंभीर है कि कई निर्माण कार्य हुए नहीं है, और सचिवों के देखरेख में पूरा पैसा कागजों में निर्माण कार्य दिखाकर आहरण किया जा चुका है। भ्रष्टाचार में सचिवों के लिप्त होने के कारण निर्माण कार्यों की सामग्री अधिकांश स्थानों पर गुणवत्ताविहीन देखा जाना सामान्य बात हो गई है।

### अधिकांश पंचायत का है यही हाल, नहीं खुलता कभी पंचायत भवन। बिना ग्राम सभा और पंचायत के प्रस्ताव के आहरण हो रहे बिल

अधिकांश ग्राम पंचायत में पंचायत भवन या तो खुलती नहीं या तो नाम मात्र के लिए खुल रहे हैं। सचिव केवल यदा कदा औपचारिकता निभाने के लिए पंचायत में आते हैं। जबकि पंचायत के लिए स्पष्ट निर्देश है कि पंचायत भवन सदैव खुलना चाहिए और सारे क्रियाकलाप पंचायत भवन में ही क्रियान्वित होने चाहिए। बावजूद इसके सचिवों की मनमानी से शासन के दिशा निर्देश भी ठंडे बस्ते में है। प्रस्ताव से लेकर कार्यों के क्रियान्वयन की मीटिंग और राशि आहरण की सारी प्रक्रिया बंद कमरे से संचालित हो रही है। विशेष ग्राम सभा और किसी शिविर के आयोजन पर औपचारिकता निभाने के लिए पंचायत भवनों का केवल उपयोग होता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी पंचायत में पदस्थ सचिवों पर आयद होती है। प्रस्ताव और बिलों पर या तो फर्जी दस्तखत कर दिए जाते हैं,या लोगों का मुंह बंद करने के लिए उनके समक्ष थोड़ा प्रलोभन दे दिया जाता है।

### पंचायत चुनाव के बाद अधिकांश सचिवों के स्थानांतरण की गुहार लगा रहे निर्वाचित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन

पंचायत में पदस्थ सचिवों का कार्य केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की कागजी कार्यवाही को और लिखा पढ़ी को संपन्न करना होता है। परंतु अब सचिव स्वयं निजी लाभ के लिए राजनीति में उतरकर पहले चुनाव प्रभावित करते हैं, बाद में विकास कार्यों को प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि विगत पंचायत चुनाव के संपन्न होने के बाद बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि कलेक्टर से लेकर स्थानीय विधायक और बड़े अधिकारियों तक वर्तमान में पदस्थ पंचायत सचिव के स्थानांतरण की गुहार लगा रहे हैं। क्योंकि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पंचायत के कार्यों में भ्रष्टाचार का सीधा प्रयास सचिवों द्वारा करना रास नहीं आ रहा। अब देखने वाली बात यह है कि जनप्रतिनिधियों के आवेदनों निवेदनों पर क्या और कब कार्यवाही होती है। परंतु यह भी होना चाहिए कि समय-समय पर पंचायत सचिवों के प्रभार और कार्य स्थल में स्थानांतरण होने से कमीशनखोरी और ? भ्रष्टाचार की जड़ गहरी नहीं हो पाएंगी और आम जनता को विकास कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया विशाल धरना प्रदर्शन एवं सड़क चक्का जाम





-संवाददाता-
सूरजपुर,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अ.वि.) के प्रदेश महासचिव सैय्यद आमिल एवं कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने प्रभावित क्षेत्रवासियों के साथ सूरजपुर अनुविभागीय अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है वर्तमान परिदृश्य में शहर में प्रकाश इंडस्ट्री से चलने वाली भारी एवं मालवाहक वाहन - हाईवा,ट्रक एवं प्रकाश इंड्रस्ट्री के वाहनो के महगंवा चौक वार्ड नंबर 02 से गुजरने एवं तेज वाहन चालन से निरंतर दुर्घटना कारित हो रही है, जिससे जन हानि के साथ-साथ शहर की सड़को की स्थिति भी खराब हो रही है। उक्त संदर्भ में पूर्व में कई बार आवेदन पत्र महोदय को प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु आज पर्यन्त तक उचित कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण शहर कांग्रेस कमेटी एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में महगंवा रिंग रोड में आज धरना प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय दोषी, पूर्व AICCसदस्य सुनील अग्रवाल, कांग्रेस नेता दानिश रफीक, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विमलेश तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवेश गोयल, पार्षद पवन साहू, पार्षद पारस राजवाड़े,पार्षद प्रिंस श्रीवास्तव, अजय सोनवानी,भटगांव युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार,प्रेमनगर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े, NSUI प्रदेश महासचिव कौनेन अंसारी,संजीव सेठी, पूर्व BDC बाबूलाल रजवाड़े , BDC हरि साहू,तनवीर अहमद,मनोज साहू,गज्जू सिंह ,सरफराज ख़ान अजहर,अख्तर अंसारी,शहीद मोंटी,इम्तियाज खान,अदनान सिद्दीकी,अखलाक वारसी,वसीम ईरानी,फिरोज खान,तहसीन अकरम,अभय,सलमान अली,रमेश साहू, राजपाल कसेरा,रजा अंसारी, राजू पाटले, सजीव कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस की पांच सूत्रीय मांग इस प्रकार से है...

01. भारी वाहनो का प्रवेश रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक कराया जावे।
02. भारी वाहनो के चलने से हुई जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य किया जावें।
03. यातायात नियमों का पालन करते हुए गति निर्धारण हेतु उचित प्रबंध किया जावें।
04. चौक एवं स्कूलो के पास गति नियत्रंण हेतु स्पीड़ ब्रेकर का निर्माण कराया जावे।
05. सड़क दुर्घटना कारित होने पर घायलो के समुचित उपचार उपलब्ध कराया जावे एवं मृत के परिवार को मुआवजा / सहायता राशि 25 लाख रूपये एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी प्रदान किया जावे।

कांग्रेसजानों ने निम्न मांगों को लेकर प्रभावित क्षेत्र एवं सूरजपुर नगर की जनता के साथ धरना प्रदर्शन किया।

# कुआं धंसने से एक ही परिवार के तीन लोग मलबे में दबे

-संवाददाता-
कोरबा,29 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार गांव में एक पुराना कुआं अचानक जमींदोज हो गया, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग छेदू राम श्रीवास (65 वर्ष),कंचन बाई श्रीवास (53 वर्ष) और गोविंद श्रीवास (30 वर्ष) मलबे में दब गए। यह हादसा भारी बारिश के चलते हुआ,जिससे जमीन कमजोर हो गई और कुएं की मिट्टी बैठ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आपदा बचाव दल मौके पर पहूँचे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। जानकारी अनुसार यह हादसा कुएँ से मोटर पंप निकालने के दौरान अचानक कुएँ का मिट्टी बैठने से एक ही परिवार के तीन लोग इस मे दब गए। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए हैं। कटघोरा टीआई ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है और मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है ।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)धौरपुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पार्वतीपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखा गुप्ता पति प्रेमचन्द गुप्ता, जाति सोण्डी, निवासी ग्राम पार्वतीपुर, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम पार्वतीपुर, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 586/3, 586/4 रकबा क्रमशः 0.029, 0.032 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 31/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला केरकेट्टा पत्नी प्रकाश केरकेट्टा जाति उरांव निवासी महेशपुर तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 410/13 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/08/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29 /7 / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागिय अधिकरी (रा.) /सक्षम प्राधिकरी,सूरजपुर,जिला-सूरजपुर**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम - आमगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राम नैन आ. दशरू, जाति कंवर, निवासी ग्राम आमगांव, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम आमगांव, प.ह.न. 28, रा.नि.मं. पिलखा, तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 704 रकबा 0.1800 हे. में से रकबा 0. 1600 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11.8.2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 28/07/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202506020700002**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2023-24

नमनाकला प.ह.नं.00020 (0हे.)
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार-कमला गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक कमला गुप्ता पुत्री तुलसी प्रसाद,निवासी कन्या परिसर मार्ग,अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 569/18, 574/29 रकबा क्रमशः 0.004, 0.057 हे0 भूमि के राजस्व रिकार्ड ऑनलाईन बी-1 में त्रुटिवश आवेदिका के पिता तुलसी प्रसाद के स्थान पर कमला गुप्ता पति तुलसी प्रसाद अंकित हो गया है। जबकि तुलसी प्रसाद आवेदिका के पिता है। आवेदिका द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/08/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार अंबिकापुर

# क्या एसपी कार्यालय में पदस्थ सउनि 'अ' राजीव कुमार गुप्ता ने ही शिकायत करने आए महाविद्यालय के स्टाफ को साहब नहीं है बाद में आना कह कर वापस किया?

## महाविद्यालय के अपने कार्यकाल के भ्रष्टाचार के दस्तावेज जलाने के आरोपों से घिरे सेवानिवृत्त प्राचार्य ने पुलिस विभाग में पदस्थ रिश्तेदार को किया आगे?

## पुलिस विभाग में पदस्थ सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के रिश्तेदार ने दैनिक घटती-घटना के पत्रकार की पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

## पत्रकार को भयभीत कर सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य खुद के कारनामों की खबर प्रकाशित होने से चाहते हैं रुकवाना?

### राजीव कुमार गुप्ता के शिकायत से जुड़े सवाल

**सवालः** कैसे पता चला कि खबर उनके लिए है?

**सवालः** क्या वह सही महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य के रिश्तेदार हैं?

**सवालः** क्या वह शिकायत करके यह स्पष्ट करना चाह रहे हैं कि वह ही हैं जिन्होंने महाविद्यालय के स्टाफ को आवक-जावक में शिकायत करने से रोका था?


**सवालः** क्या वह पुलिस विभाग में पदस्थ होकर शिकायत के माध्यम से पत्रकार को दबाने का प्रयास कर रहे हैं?

**सवालः** क्या शिकायत करके अपने अधिकारी के कार्यालय में बुलाकर पत्रकार को डराने की उनकी मनसा है?

**सवालः** जब समाचार में नाम ही नहीं है तो फिर उनकी मानहानि व उनकी छवि कैसे धूमिल हुई?

**सवालः** क्या उनके द्वारा की गई शिकायत सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य को बचाने के लिए किया गया आवेदन है जो समाचारों से फंसते नजर आ रहे हैं उन्हें





-रवि सिंह-
कोरिया,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सेवानिवृत होने के बाद महाविद्यालय में जाकर बिना किसी को जानकारी दिए दस्तावेजों को आग के हवाले किए थे,जिस मामले को लेकर लगातार खबर प्रकाशित हो रही है और कार्यवाही हो इस बात को लेकर शिकायत भी की जा रही है,इसी क्रम में महाविद्यालय के स्टाफ कोरिया पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत करने गए हुए थे पर वहां पर किसी गुप्ता जी कर्मचारी द्वारा यह कहकर उन्हें वापस कर दिया गया था कि एसपी साहब नहीं है बिना पेश हुए शिकायत आवक जावक में नहीं ली जाएगी, जिस खबर को दैनिक घटती-घटना ने महाविद्यालय के स्टाफ के बताए अनुसार 28 जुलाई 2025 को प्रकाशित किया था,पर किस कर्मचारी के द्वारा उन्हें मना किया गया था यह नाम स्पष्ट न होने के कारण नाम स्पष्ट रूप से प्रकाशित नहीं किया गया था,क्योंकि महाविद्यालय के स्टाफ भी उसका अच्छे तरीके से नाम नहीं जानते थे और बता नहीं पाए लेकिन सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में यह बताया गया था कि कोई उनके रिश्तेदार उस कार्यालय में पदस्थ हैं और इसी आधार पर महाविद्यालय के शिकायत करने पहुंचे कर्मचारियों ने गुप्ता जी बताया और वह प्रकाशित हुआ और जिसमें नाम स्पष्ट फिर भी नहीं लिखा गया था, अखबार में नाम स्पष्ट न होने की वजह से नाम प्रकाशित नहीं किया गया था पर खबर प्रकाशित होने के बाद कार्यालय के एक कर्मचारी राजीव कुमार गुप्ता यह मान बैठे कि यह खबर उनके लिए प्रकाशित हुई थी और उन्होंने इस बात पर मोहर भी लगा दी कि कहीं ना कहीं उन्होंने ही कर्मचारियों को वापस किया था,जब अखबार ने नाम प्रकाशित नहीं किया तो फिर राजीव कुमार गुप्ता उस खबर को खुद से संबंधित समझकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत करके क्या साबित करना चाह रहे हैं? क्या वह यही साबित करना चाह रहे हैं कि वह प्रभारी प्राचार्य के रिश्तेदार हैं? और उन्होंने ही शिकायत करने पहुंचे महाविद्यालय के स्टाफ को शिकायत करने से यह कहकर रोका था कि शिकायत आवक-जावक में नहीं ली जाएगी बयान होगा और जो सामने होगा एसपी साहब के...? वैसे कार्यालय में पदस्थ राजीव गुप्ता की कार्यप्रणाली कितनी अच्छी है यह किसी से छुपा नहीं है,यदि गोपनीय तरीके से आईजी साहब भी सभी पुलिसकर्मियों से उनकी जानकारी ले लेंगे तो शायद यह स्पष्ट हो जाएगा की उनकी कार्यप्रणाली कैसी है ? 02 फरवरी 2024 को उनके ऊपर एक व्यक्ति के द्वारा काफी गंभीर आरोप लगाए गए थे, क्योंकि इनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वह कार्य किया गया था,जिसकी जांच आज तक नहीं हो पाई है। वैसे अखबार ने नाम नहीं प्रकाशित किया फिर क्या स्वयं प्रार्थी बनकर पत्रकार को अपनी रिश्तेदारी की खबर प्रकाशित करने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं राजीव गुप्ता? मामले में यह कहना गलत नहीं होगा कि यह पत्रकार को पुलिस का भय दिखाने के उद्देश्य से की गई शिकायत है,और यह शिकायत बैकुंठपुर के शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के उस मामले से ध्यान भटकाने और पत्रकार को मामले से अलग जाने के लिए भयभीत करने खबर प्रकाशित करने के उद्देश्य से की गई शिकायत है,जिसमें दैनिक घटती-घटना के पत्रकार द्वारा लगातार आवाज बुलंद की जा रही है और जो सेवानिवृत्त होने के छः माह पश्चात महाविद्यालय में बिना अनुमति प्रवेश कर शासकीय दस्तावेजों को जलाने के मामले से जुड़ा मामला है। यह कहना भी शायद गलत नहीं होगा कि अब अपनी गलतियों पर अपने शासकीय दस्तावेज जलाने के किए गए अपराध पर पर्दा डालने के लिए सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य पुलिस विभाग में पदस्थ अपने रिश्तेदार का सहारा ले रहे हैं? उसके माध्यम से वह पत्रकार को एक तरह से धमकाने का प्रयास कर रहे और अपने उस अपराध जो उन्होंने दस्तावेज जलाकर शायद किया है से बचना चाह रहे हैं।


कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे महाविद्यालय के कर्मचारी

### नाम के प्रकाशन बिना सउनि ने कैसे माना की यह उनके लिए है खबर...क्या उन्होंने ही रोका था कॉलेज के कर्मचारियों को शिकायत करने से?

दैनिक घटती-घटना की खबर में कहीं भी नाम का उल्लेख नहीं है,केवल सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य के रिश्तेदार गुप्ता जी नाम का उल्लेख है,केवल गुप्ता जी लिखना वह भी प्राप्त सूचना पर लिखना कहां से अपराध हुआ? यह सोचने वाली बात है,वैसे क्या स.उ.नि. अ राजीव गुप्ता ने ही शिकायत करने पहुंचे कॉलेज के कर्मचारियों को रोकने का प्रयास किया था? उन्हें आवक-जावक शाखा में शिकायत देने से रोका था जिसकी स्वीकारोक्ति वह कर रहे हैं पत्रकार की शिकायत के दौरान। केवल गुप्ता जी लिखना ही किसी के लिए इतनी बड़ी मानसिक प्रताड़ना की वजह बन गई कि वह पत्रकार की जांच करवाने निकल पड़े। वैसे क्या यह एक खीज एक गुस्सा नहीं है राजीव गुप्ता का जो वह केवल इसलिए निकाल रहे हैं क्योंकि उनकी पोल खुल गई है और उनका वह कारनामा उजागर हुआ है जिसमें वह शिकायत करने वालों को कार्यालय में रहने का फायदा उठाकर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में यह भी विचारणीय है कि खबर के अनुसार गुप्ता जी गोपनीय शाखा,क्या इसकी भी राजीव गुप्ता स्वीकारोक्ति प्रदान कर रहे हैं कि वह गोपनीय शाखा में ही काम कर रहे हैं?

### क्या रिश्तेदार सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य की कारगुज़ारियों से लोगो का ध्यान भटकाने सउनि राजीव गुप्ता अब पत्रकार को झूठे मामले में उलझाने की फिराक में हैं?

पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरिया में पदस्थ राजीव गुप्ता जो सउनि के द्वारा एक शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक कोरिया को सौंपा गया है जिसमें उन्होंने दैनिक घटती-घटना की खबर का उल्लेख कर पत्रकार की जांच करवाने की मांग की है,मानसिक परेशानी और कई तरह की बात छवि धूमिल होने की बात उन्होंने शिकायत में लिखी है,क्या यह शिकायत सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय बैकुंठपुर के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत कराई जा रही है जिससे लोगों का ध्यान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रहे और फिलहाल सेवानिवृत्त हो चुके प्रभारी प्राचार्य की कारगुज़ारियों से हट सके। राजीव गुप्ता का गुस्सा और खीज साफ नजर आती है शिकायत में और यह एक भय उत्पन्न करने का भी विषय बन रहा है जिसके माध्यम से वह पत्रकार को पुलिस का भय दिखाना चाहते हैं जिससे पत्रकार उनके रिश्तेदार प्रभारी सेवानिवृत हो चुके महाविद्यालय के प्राचार्य की कारगुज़ारियों के प्रकाशन से दूर हट जाए और वह उच्च शिक्षा संस्थान में भ्रष्टाचार के बड़े मामले को दबा सकें।

### पत्रकार की क्या करेंगे जांच,क्या प्रकाशित खबरें भी साबित की जाएंगी षड्यंत्र?

दैनिक घटती-घटना की ख्याति केवल यही है कि वह खबरों से समझौता नहीं करता और यही उसकी लोकप्रियता का कारण है,लाभ लोभ प्रलोभन से दूर सत्य आधारित खबर का प्रकाशन ही दैनिक घटती-घटना का प्रयास रहा है और खबरों के लिए उसके असंख्य सूत्र माध्यम बनते हैं,स.उ.नि. राजीव गुप्ता पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायत में लिखते हैं कि पत्रकार के षड्यंत्र की जांच होनी चाहिए,अब क्या प्रकाशित खबरें भी षड्यंत्र साबित होंगी,दैनिक घटती-घटना ने खबर का प्रकाशन किया है और आगे भी सत्य आधारित खबर का प्रकाशित करता रहेगा,षड्यंत्र का विषय तब कोई विषय पत्रकारिता क्षेत्र में होता है जब कोई समझौता किसी खबर पर करना होता है, दैनिक घटती-घटना समझौते से दूरी बनाकर चलने वाला समाचार-पत्र है इसलिए षडयंत्र शब्द से इसका कोई नाता नहीं यह शायद ऐसी शिकायत करने वाले को विदित नहीं। दैनिक घटती-घटना का एकमात्र उद्देश्य सत्य का प्रकाशन है और इस दौरान वह खबरों से समझौता नहीं करता इसलिए आरोप लगते रहते हैं।

### खबर से बौखलाए स.उ.नि. राजीव गुप्ता ने शिकायत पत्र में खुद के लिए समर्थन जुटाने का भी किया प्रयास

खबर से बौखलाए राजीव गुप्ता ने शिकायत पत्र के माध्यम से खुद के लिए समर्थन जुटाने का भी प्रयास किया,राजीव गुप्ता ने शिकायत में लिखा है कि पत्रकार अनन्य लोगों की छवि बिगाड़ने का काम कर रहा है जो कि एक उसका असत्य कथन है, ऐसा कोई भी विषय अब तक नहीं आया जब खबर को लेकर यह साबित हो सका हो कि वह छवि धूमिल करने के उद्देश्य से प्रकाशित खबर है,शिकायतें हुईं लेकिन खबरों के विषय में केवल यही सत्य है कि खबर प्रकाशन के दौरान विषय वही बनते हैं जिनके पास जनता से जुड़ी जिम्मेदारी है या उनका हित उनके हाथों में है,राजीव गुप्ता अपनी शिकायत में अन्य का उल्लेख कर अपनी गलतियों से बचना चाहते हैं और वह एक ऐसा असफल प्रयास कर रहे हैं जिसके अनुसार वह चाहते हैं कि पत्रकार को षड्यंत्रकारी बताया जा सके। वैसे इस विषय में वह स्वयं जानते हैं कि दैनिक घटती-घटना सत्य से परे कुछ प्रकाशित नहीं करता वहीं वह इस विषय में अपनी ख्याति बेहतर रखता है,षड्यंत्र समझौते का इतिहास उसका नहीं रहा जो भी मामला संज्ञान में आया वह प्रकाशित हुआ छिपाया नहीं गया। वैसे पुलिस कार्यवाही का भय दिखाने की कोशिश करने वाले स.उ.नि राजीव गुप्ता शायद नहीं जानते कि खबर लिखना सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर खबर लिखना षड्यंत्र नहीं होता षड्यंत्र खबर को रोकना होता है जो दैनिक घटती-घटना नहीं करता।

### अपने रुतबे का दुरुपयोग करते हुए एक आदमी को उसकी बच्ची व उसकी पत्नी के सामने किया था बेइज्जत,लेकिन आज तक नहीं हुई कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्य कर रहे स.उ.नि. राजीव कुमार गुप्ता पर एक बार एक व्यक्ति द्वारा यह आरोप लगाया गया था जो लिखित शिकायत स्वरूप में था कि राजीव कुमार गुप्ता द्वारा शासकीय एक आयोजन के दौरान उनका उनके परिवार के सामने छोटे बच्चों सहित पत्नी के सामने सार्वजनिक रूप से राजीव गुप्ता ने पुलिसिया रौब जताते हुए अपमान किया था एक तरह से बेइज्जत किया गया था,तब लिखित शिकायत सौंपकर उक्त व्यक्ति ने राजीव गुप्ता पर कार्यवाही की मांग की थी,बता दें कि आज भी बताया जा रहा है कि मामले में कार्यवाही नहीं हुई है जबकि बयान दर्ज हुआ है। वैसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत राजीव गुप्ता की उक्त शिकायत की कार्यवाही यदि हुई है तो वह सार्वजनिक की जानी चाहिए,मामला वर्ष 2024 का है।



# बालको महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

-संवाददाता-
कोरबा,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित,गणेश स्तुति एवं शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उत्सव में 65 से अधिक सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में अपनी सांस्कृतिक विरासत की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और तीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छह श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें तीज क्वीन सीमा साहू, प्रथम रनर-अप अल्का पृथ्विकार,द्वितीय रनर-अप इला छुगानी,मिस स्टनिंग ब्यूटी अनुराधा,मिस एलिगेंट सिम्प्लिसिटी सिमरन जैन और मिस ट्रेडिशनल पेजेंट हनी देवले थी। इस आयोजन ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की भावना को प्रबल किया, साथ ही क्लब के सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द और एकता को भी सशक्त किया। यह आयोजन क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार के कुशल नेतृत्व और सलाहकार मंडल,श्रीमती वीनेता सिंह, श्रीमती रमा द्विवेदी,श्रीमती वंदना शर्मा तथा श्रीमती दिव्या ओझा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सचिव श्रीमती सुष्मिता श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पाटिल ने बालको महिला मंडल की सभी सदस्याओं और मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बालको महिला मंडल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालकोनगर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में सदस्यगण श्रीमती मोनिका कोचर,श्रीमती अंकिता सिंह,श्रीमती शिवानी प्रसाद,श्रीमती जागृति सिंह और श्रीमती नीतू वर्मा प्रमुख भूमिका रही। बालको महिला मंडल द्वारा हालिया दिनों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्लब सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा का आयोजन,विश्व सोशल मीडिया दिवस पर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक संदेश साझा किया गया, जबकि विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आनंददायक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# भोलेनाथ के जयकारों से गूंजेगा मनेंद्रगढ़,सिद्ध बाबा बोल बम कांवरिया संघ द्वारा निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

## श्रावण मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को हसदेव गंगा तट से होगा जल भराव,शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए सिद्ध बाबा धाम पहुंचेगी यात्रा



-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,29 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर श्रद्धा,भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिलेगा जब सिद्ध बाबा बोल बम कांवरिया संघ एवं समस्त शिव भक्तों के तत्वावधान में एक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह विशाल धार्मिक यात्रा श्रावण मास के अंतिम सोमवार दिनांक 4 अगस्त को प्रातः 6 बजे हसदेव गंगा तट से जल भरकर प्रारंभ होगी और नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सिद्ध बाबा धाम पहुंचेगी।

यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से मंत्रोच्चार,आरती व भोलेनाथ की जयघोष के साथ किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवा वस्त्र धारण कर हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ शिवभक्ति में लीन रहेंगे। यह धार्मिक शोभायात्रा नगर के स्कूल रोड,श्रीराम मंदिर के सामने,गांधी चौक, छोटा साई मंदिर,खेड़िया टॉकीज, मौहरपारा से होती हुई सिद्ध बाबा धाम पहुंचेगी,जहां भक्तगण जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन-अर्चन करेंगे।

### मुख्य आकर्षण

- भोले बाबा की भव्य झांकी बाहर से आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुति
- डिजीटल साउंड सिस्टम धार्मिक भजनों एवं शिव तांडव से गूंजेगा वातावरण
- ड्रोन कैमरे द्वारा वीडियो ग्राफी सम्पूर्ण यात्रा का विशेष दृश्यांकन
- पुष्प वर्षा एवं जल छिड़काव भक्तों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध
- विश्राम स्थल एवं जलपान व्यवस्था मार्ग में जगह-जगह सहयोगी शिवभक्तों द्वारा की जाएगी व्यवस्था

### संघ की अपील

सिद्ध बाबा बोल बम कांवरिया संघ के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों,युवाओं, मातृशक्ति एवं श्रद्धालुजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस पुण्य यात्रा में सम्मिलित होकर बाबा भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करें। यह आयोजन श्रद्धा, एकता, और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है,जिसमें भागीदारी स्वयं को शिवमय करने का अवसर है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### जिनी बूचार्ड ने दर्ज की जीत



**टेनिस करियर में फिर दिखाई उम्मीद**

**मॉन्ट्रियल,29 जुलाई 2025।** जेनी बूचार्ड ने नेशनल बैंक ओपन के पहले दौर में एमिलियाना अरंगो को 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर अपने टेनिस करियर को कम से कम एक और मैच के लिए आगे बढ़ाया। 2014 में विंबलडन फाइनल और दो अन्य ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल तक पहुँचने वाली बूचार्ड ने इस महीने घोषणा की थी कि वह अपने गृहनगर टूर्नामेंट में अंतिम प्रदर्शन के बाद संन्यास ले लेंगी। इसके बाद उन्होंने 2023 के बाद से अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर जीत के साथ शुरुआत की - और अपने करियर की 300वीं जीत - और आगे बढ़कर 17वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से भिड़ीं। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने अब पिकलबॉल खेलना शुरू कर दिया है। मॉन्ट्रियल टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिलने से पहले उन्होंने इस सीज़न में सिर्फ़ एक मैच खेला है।

### मुझे उम्मीद है कि यह बस शुरुआत है:दिव्या देशमुख

**बटुमी,29 जुलाई 2025।** दिव्या देशमुख सितारों से सजे एफआईडीई महिला विश्व कप 2025 में एक अंडरडॉग के रूप में आई थीं, और भविष्य में ग्रैंडमास्टर बनने के अपने सफ़र में कम से कम एक ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने की उम्मीद कर रही थीं। नागपुर की इस 19 वर्षीय खिलाड़ी



को शायद ही अंदाज़ा था कि वह इस खेल के कुछ सर्वश्रेष्ठ और बड़े नामों को हराकर लगभग तीन हफ़्तों के अंतराल में तीन बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर लेंगी - अगले साल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की करना,प्रतिष्ठित खिताब जीतना और इस प्रक्रिया में,स्वतः ही ग्रैंडमास्टर बन जाना।

# एंट्री के साथ ही मिल जाएगा डेब्यू का मौका

**मेनचेस्टर,29 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जारी है। पांच मैचों की सीरीज के चार मैच अब तक हो चुके हैं। केवल एक और मुकाबला बाकी है। इसमें ज्यादा देरी नहीं है, इसलिए इसकी तैयारी इस वक्त जोरों पर है। इस बीच आखिरी टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बाहर हो गए हैं और उनकी जगह एन जगदीशन को एंट्री दी गई है। अब सवाल ये है कि क्या जगदीशन को डेब्यू करने का मौका मिल जाएगा। या फिर जो खिलाड़ी पहले से टीम के साथ है, वही खेलता हुआ नजर आएगा।




**ध्रुव जुरेल पहले से ही टीम इंडिया के साथ...**

दरअसल ऋषभ पंत चोट के कारण सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। इस बीच टीम में एन जगदीशन को जगह दी गई है। वैसे अगर जगदीशन का बुलावा नहीं भी आता तो भी कोई दिक्कत की बात नहीं थी। क्योंकि टीम के साथ पहले से ही ध्रुव जुरेल हैं। अब सवाल ये है कि अगले टेस्ट में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर किस खिलाड़ी को मौका दिया जाएगा। 31 जुलाई को कप्तान शुभमन गिल क्या फैसला करते हैं।

**पंत की गैर मौजूदगी में जुरेल ही कर रहे थे कीपिंग**

मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान जब पंत चोटिल होकर बाहर हो गए थे तो उनकी जगह कीपिंग की जिम्मेदारी ध्रुव जुरेल ने ही संभाली थी। कीपिंग भी उन्होंने बढ़िया ही की। अब कप्तान शुभमन गिल किसे मौका देते हैं, ये देखना दिलचस्प होगा। ध्रुव जुरेल ने बिना प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए, जो काम किया है,क्या उन्हें इसका इनाम मिलेगा और वे प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाएगा। या फिर अचानक टीम में शामिल किए गए जगदीशन को मौका दे दिया जाएगा।

**ऐसा है जुरेल और जगदीशन का प्रदर्शन**

ध्रुव जुरेल ने अब तक चार टेस्ट मैच खेलकर उसमें 202 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक आया है। जुरेल का औसत 40.40 का है। जुरेल ने छह कैच पकड़े हैं और दो स्टंप भी किए हैं। वहीं बात अगर नारायण जगदीशन की बात की जाए तो उन्हें अभी तक भारत के लिए डेब्यू का मौका तो नहीं मिला है, लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने कमाल का खेल दिखाया है। जगदीशन ने 52 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 3373 रन बनाए हैं। यहां उनका औसत 47.50 का है। उन्होंने 133 पकड़े हैं, वहीं 14 स्टंप भी किए हैं।

# भारत और इंग्लैंड मिलकर तोड़ देंगे 2-2 वर्ल्ड रिकॉर्ड

**5 वें टेस्ट में बस करना होगा ये छोटा सा काम**

**मेनचेस्टर,29 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। 20 जून को शुरू हुई यह सीरीज एक महीने से अधिक वक्त के बाद अब अंतिम मोड़ पर पहुंच गई है। चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें इंग्लैंड को 2-1 की बढ़त हासिल है। सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 31 जुलाई से लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। जहां भारत की नजरें सीरीज बराबर करने पर होंगी,वहीं इंग्लैंड जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा पक्का करना चाहेगा। लेकिन इस मुकाबले में सिर्फ सीरीज ही नहीं, बल्कि दो वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दांव पर हैं और दोनों टीमों को इन्हें तोड़ने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।



**अब तक लग चुके हैं 18 शतक**

दरअसल,अब तक इस सीरीज में दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने मिलकर कुल 18 शतक जड़े हैं। अगर ओवल टेस्ट में 4 और सेंचुरी लगती हैं, तो एक 70 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट जाएगा। यह रिकॉर्ड साल 1955 में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई सीरीज में बना था, जहां कुल 21 शतक देखने को मिले थे। मौजूदा सीरीज में 18 शतक पहले ही बन चुके हैं और ओवल टेस्ट में बल्लेबाजों की फॉर्म को देखते हुए यह आंकड़ा पार करना मुश्किल नहीं लगता।

**वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटने की दहलीज पर...**

इस सीरीज में अब तक 12 अलग-अलग बल्लेबाजों ने शतक जमाया है। भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों के 6-6 बल्लेबाजों के बल्ले से सैकड़ा आ चुका है। यह भी एक साझा वर्ल्ड रिकॉर्ड है,क्योंकि अब तक किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक 12 बल्लेबाजों द्वारा ही शतक लगाए गए हैं। यदि ओवल टेस्ट में कोई ऐसा खिलाड़ी शतक जड़ देता है, जिसने अभी तक इस सीरीज में सेंचुरी नहीं लगाई है, तो यह रिकॉर्ड टूट जाएगा और नया इतिहास बन जाएगा।

**भारत बनाम इंग्लैंड 2025 सीरीज में अब तक लगे शतक**

शुभमन गिल - 4 शतक
केएल राहुल - 2 शतक
ऋषभ पंत - 2 शतक
रवींद्र जडेजा - 1 शतक
यशस्वी जायसवाल - 1 शतक
वाशिंगटन सुंदर - 1 शतक
जेमी स्मिथ - 1 शतक
जो रूट - 1 शतक
बेन डकेट - 1 शतक
हैरी ब्रूक - 1 शतक
बेन स्टोक्स - 1 शतक
ओली पोप - 1 शतक



### भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

**टॉप-10 में हुई वापसी**

**नई दिल्ली, 29 जुलाई 2025।** एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट और भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ की ताजा जारी मेंस डबल्स वर्ल्ड रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाई है। यह जोड़ी अब 10वें नंबर पर पहुंच गई है। उन्हें यह सफलता चाइना ओपन 2025 में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद मिली है ।

**लक्ष्य सेन 17 वें स्थान पर पहुंचे...**

भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने भी ताजा रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर 17वें स्थान पर जगह बना ली है। उनके अब 54442 पॉइंट हैं, जो चीन के झेनजियांग वांग (18वें स्थान) से थोड़ा ही आगे हैं। वांग ने इस सप्ताह 5 पायदान की छलांग लगाई है। वहीं,अनुभवी शटलर एचएस प्रणॉय ने भी दो स्थान ऊपर चढ़कर वर्ल्ड नंबर 33 पर जगह बना ली है। उनके अब 40336 पॉइंट हो गए हैं।

**उन्नति हूडा बनीं भारत की नई स्टार**

वूमेन्स सिंगल्स में 17 साल की हरियाणा की उभरती हुई स्टार उन्नति हूडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई और अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग हासिल की है। उन्नति ने पिछले सप्ताह डबल ओलंपिक मेडल विजेता पीवी सिंधु को 21-16, 19-21, 21-13 से हराकर सबको चौंका दिया था। यह मुकाबला 1 घंटे 13 मिनट तक चला। हालांकि,क्वार्टरफाइनल में उन्हें जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अकाने यामागुची से हार का सामना करना पड़ा। वूमेन्स डबल्स में भारत की शीर्ष जोड़ी त्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने 11वें स्थान पर अपनी स्थिति बनाए रखी है। वहीं,तनिषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने दो स्थान ऊपर चढ़ते हुए 45वीं रैंकिंग हासिल की है

# आईसीसी रैंकिंग के सिंहासन पर इंग्लैंड का कब्जा

**नई दिल्ली, 29 जुलाई 2025।** आईसीसी ने ताजा रैंकिंग जारी कर दी है,जिसमें भयंकर उलटफेर देखने को मिला है। आईसीसी की महिला वनडे बैटिंग रैंकिंग में भारत की धाकड़ बल्लेबाज स्मृति मंधाना की बादशाहत खत्म हो गई है। मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और वो अब नंबर-1 से लुढ़ककर दूसरे पायदान पर आ गई हैं। मंधाना की जगह अब वनडे में इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट नंबर-1 महिला बल्लेबाज बन गई हैं। नेट साइवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले में 98 रनों की शानदार पारी खेलने के बाद ICC महिला वनडे बैटिंग रैंकिंग में एक बार फिर नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। डरहम में खेले गए आखिरी मुकाबले में उन्होंने ओपनर्स के जल्दी आउट होने के बाद पारी को संभाला, हालांकि इंग्लैंड की टीम यह मैच 13 रन से हार गई और भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। नैट साइवर-ब्रंट ने स्मृति मंधाना को



सिर्फ तीन अंकों के मामूली अंतर से पीछे छोड़ते हुए करियर में तीसरी बार टॉप रैंक हासिल की है। इससे पहले वे जुलाई 2023 से अप्रैल 2024 और फिर जून से दिसंबर 2024 तक नंबर-1 रह चुकी हैं।

**हरमनप्रीत और जेमिमा की लंबी छलांग**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने निर्णायक मुकाबले में 84 गेंदों पर 102 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत वे रैंकिंग में 10 पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी साथी बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान चढ़कर 13वें नंबर, और ऋचा घोष नौ स्थान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर आ गई हैं। ऋचा का यह 516 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

**आयरिश खिलाड़ियों को भी मिला फायदा**

आयरलैंड और जिम्बाब्वे के बीच बेलफास्ट में खेली गई दो मैचों की वनडे सीरीज के बाद कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा मिला है। इस सीरीज को आयरलैंड ने 2-0 से जीता। इस सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑर्ला प्रेंडरगैस्ट 12 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 33वां स्थान हासिल किया। ऑर्ला अब ऑलराउंडर्स की टॉप 10 लिस्ट में भी शामिल हो गई हैं। आयरलैंड की कप्तान गेबी लुईस एक स्थान चढ़कर 17 वें, जबकि एमी हंटर दो स्थान ऊपर चढ़कर 28 वें स्थान पर पहुंच गई हैं।




### मिस्र में भारतीय राजदूत ने काहिरा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए अंडर-17 स्क्वैश टीम की मेज़बानी की

**नई दिल्ली, 29 जुलाई 2025।** मिस्र में भारतीय राजदूत सुरेश रेड्डी ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली भारत की अंडर-17 स्क्वैश टीम की मेज़बानी की। राजदूत ने व्यक्तिगत जूनियर चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने पर अनाहत सिंह को भी बधाई दी। भारत ने पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ियों के साथ आठ सदस्यीय दल मिस्र भेजा है। राजदूत ने काहिरा में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अंडर-17 स्क्वैश टीम का स्वागत किया।

# न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच टी 20 आई मैच आज




**न्यूजीलैंड,29 जुलाई 2025।** टी 20 आई ट्राई सीरीज के बाद अब न्यूजीलैंड की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार है। जिम्बाब्वे की टीम पिछले सात महीनों में पांच अलग-अलग टीमों के खिलाफ आठ टेस्ट मैच खेल चुकी है और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। पिछले आठ मैचों में जिम्बाब्वे को सिर्फ एक मैच में जीत नसीब हुई है और एक ड्रॉ रहा है। वहीं,6 मुकाबलों में हार का मुंह देखना पड़ा है। इसके बावजूद जिम्बाब्वे ने टेस्ट क्रिकेट में खुद को बेहतर करने की कोशिशें जारी रखीं हैं।

**न्यूज़ीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा**

न्यूजीलैंड के खिलाफ अब जिम्बाब्वे की कोशिश अपने घर में कड़ी टक्कर देने की होगी। सिकंदर रजा की टेस्ट टीम में वापसी से जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी को मजबूती मिली है। शॉन विलियम्स पर पर सभी की नजरें होंगी, जो इस समय बेहतरीन फॉर्म में हैं। कीवी टीम भी जिम्बाब्वे को घर में कमतर आंकने की भूल नहीं करना चाहेगी।

**न्यूजीलैंड देगी बेंच स्ट्रेंथ को मौका**

न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं क्योंकि वे द हंड्रेड लीग में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे होंगे। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी 2025-27 का हिस्सा नहीं है,इसलिए कीवी टीम अपने मुख्य खिलाड़ियों का कोर ग्रूप बनाए रखते हुए कुछ नए चेहरों को मौका दे रही है।

**दोनों टीमों का स्क्वॉयड**


**जिम्बाब्वे:**-क्रेग एर्विन (कप्तान),बेन कर्रन, तनुनुरवा माकोनी,निक वेल्च,ब्रायन बेनेट, रॉय काया,शॉन विलियम्स,सिकंदर रजा, विंसेंट मसाकेसा,क्लाइव मांडांडे,ताफाद्जवा त्सिगा,वेलिंगटन मसाकद्जा,तनाका चिवांगा, ट्रेवर गवांडू,ब्लेसिंग मुजरबानी,न्यूमैन न्यामुरी

**न्यूजीलैंड:** टॉम लैथम (कप्तान), हेनरी निकोल्स, विल यंग, रचिन रविंद्र,डेरिल मिचेल,माइकल ब्रैसवेल, मिचेल सैंटनर,नाथन स्मिथ,डेवोन कॉनवे,टॉम ब्लंडेल, विलियम ओ'रूर्क, एजाज पटेल, जैकब डफी, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी।

## पवन कल्याण की कथित टिप्पणी पर उठे सवाल

अभिनेता और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म हरि हर वीरा मल्लू के प्रचार में व्यस्त हैं। फिल्म प्रचार में हिस्सा न लेने के लिए जाने जाने वाले इस अभिनेता ने राजनेता के रूप में अपनी पहली फिल्म के लिए एक अलग रणनीति अपनाई। हॉटरफ्लाई के साथ रैपिड-फायर में,पवन ने प्रियंका चोपड़ा या करीना कपूर की बजाय कंगना रनौत को अपनी आदर्श सह-कलाकार चुना। मंडी की सांसद ने पवन द्वारा उन्हें एक मजबूत अभिनेता कहने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। रैपिड-फायर राउंड के दौरान,पवन से पूछा गया कि क्या वह आलिया भट्ट या दीपिका पादुकोण के साथ अभिनय करना पसंद करेंगे। इसे मुश्किल विकल्प बताते हुए, उन्होंने दोनों को चुना। आलिया,दीपिका और कृति सनोन के बीच पूछे जाने पर,पवन ने मुस्कुराते हुए तीनों को चुना। लेकिन आलिया,दीपिका,कृति और कियारा आडवाणी के बीच, पवन ने कृति को चुनते समय अपना मन बना लिया। हालाँकि,उन्होंने आगे कहा, मुझे अब भी लगता है.. (आपातकाल में) इंदिरा गांधी का किरदार जिस तरह से उन्होंने निभाया था,उसे देखते हुए,मुझे लगता है कि मुझे ज़्यादा मज़बूत इंसान, कंगना रनौत, को चुनना चाहिए। इस रैपिड-फायर पर प्रतिक्रिया देते हुए,कंगना ने इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर हाथ जोड़कर और प्यार भरे इमोजी के साथ फिर से शेयर किया। पवन की पसंदीदा संभावित सह-कलाकार के रूप में कंगना को पछाड़ने वाली एकमात्र महिला अभिनेता उनके भाई चिरंजीवी की फिल्म जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी की सह-कलाकार,दिवंगत श्रीदेवी थीं। जब उनसे कंगना और श्रीदेवी में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया,तो पवन ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया,बिल्कुल,यही श्रीदेवी हैं।





## सुहागरात सुनकर मुझे टेंशन हो जाता है, मैं वो रात कभी भूलूंगा नहीं,सुनील शेट्टी ने सुनाया बॉर्डर का किस्सा

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी फिल्म बॉर्डर 2 में नजर नहीं आएंगे। उनके बेटे अहान शेट्टी दिखाई देंगे। मगर उन्होंने उस मूवी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। बताया है कि कैसे उन्होंने फिल्म का रोमांटिक ट्रैक तो चलूं...शूट किया था। सुहागरात पर आधारित इस गाने के दौरान उन्होंने किन मुश्किलों का सामना किया था,सबकुछ बताया है। एक्टर के मुताबिक, वह इस शूटिंग को लाइफ में कभी नहीं भूलेंगे। सुनील शेट्टी ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में बॉर्डर के गाने की शूटिंग के बारे में बताया कि वह डरे हुए थे क्योंकि वह सुहागरात सॉन्ग था। उन्होंने कहा, सुहागरात सुनकर मुझे टेंशन हो जाता था कि कैसे शूट करेंगे। क्या करेंगे? लेकिन जब जेपी जी ने गाना सुनाया,तो मैं एकदम क्लियर था कि एक ही आदमी है जो ये गाना ऐसे शूट कर सकता है और जेपी जी ने शूट किया वैसे। वो सबसे यादगार गाना और शूट है, जिसे मैंने किया। इतनी खूबसूरती से उन्होंने शूट किया था वो गाना, जिस पर यकीन ही नहीं होता।

**सुनील शेट्टी एक शॉट में अटके**

सुनील शेट्टी ने आगे बताया, बीच में एक शॉट में अटक गए थे हम लोग कि जब फौजी निकलता है बाहर, वो अपने प्यार को कैसे छोड़ेगा। उसकी बीवी को कैसे छोड़ेगा। जेपी जी डिस्कस कर रहे थे और अचानक से एमआईजी ऊपर गया और उसे उन्होंने देखा। कहा बस यही है।

**सुनील शेट्टी ने बॉर्डर की शूटिंग याद की...**

सुनील शेट्टी ने आगे बताया, साउंड डाल दिया और मैं ऊपर देखता हूं वो याद दिला देता है कि जंग शुरू हो गई है। राष्ट्र सबसे ऊपर है। और वो कहते हैं- कंपनी मार्च,तो बीवी अलग हो गई। लड़के तैयार हो गए कि ठीक है हमें जंग के लिए जाना है। और बिना पीछे देखे वह जाता रहता है और जंग में चला जाता है।

**सुनील शेट्टी नहीं भूलेंगे वो रात**

सुनील शेट्टी ने बेटी अथिया शेट्टी के बारे में भी बताया कि उन्हें बहुत तेज बुखार था, अथिया मेरे साथ थी तभी, छोटी बच्ची थी। सिर्फ 3 साल की थी। उसको बुखार था और मैंने उसको वापस भेजा। शूटिंग के दौरान,घड़ी-घड़ी फओन करना पहुंची की नहीं। उसको जाना था मुंबई और वो तेज बुखार के कारण दिल्ली चली गई। तो मैं वो रात कभी भूलूंगा नहीं। अथिया पहुंची और फिर डॉक्टर के पास गई। माना ने कहा कि सब ठीक है। जेपी जी,मैं और सभी परेशान थे।

# केरल भाजपा अध्यक्ष ने पुलिस कार्रवाई को बताया गलत

## केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा...गिरफ्तार ननों का धर्मांतरण से कोई लेना-देना नहीं...



रायपुर/ दुर्ग,29 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में केरल की दो कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी ने राज्य की सियासत को गरमा दिया है। धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप में हुई इस गिरफ्तारी पर अब भाजपा और बजरंग दल आमने-सामने आ गए हैं। एक ओर जहां केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने वीडियो जारी कर छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया और गिरफ्तार ननों के समर्थन में बयान दिया, वहीं बजरंग दल ने इस रुख पर नाराजगी जाहिर करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। केरल बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि पार्टी गिरफ्तार ननों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रदेश महासचिव फिलहाल छत्तीसगढ़ में हैं और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ एक संवेदनशील राज्य है, जहां बड़ी आदिवासी आबादी रहती है और धर्मांतरण विरोधी कानून लागू है। बावजूद इसके, उन्हें पूरा विश्वास है कि गिरफ्तार ननों का धर्मांतरण से कोई लेना-देना नहीं है।

### केरल के भाजपा के महामंत्री ने गृह मंत्री शर्मा से की मुलाकात

ननों की गिरफ्तारी को लेकर केरल के भाजपा महामंत्री अनूप एंटोनी मंगलवार को रायपुर पहुंचे। केरल के भाजपा महामंत्री अनूप एंटोनी ने गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास पर उनसे मुलाकात कर बैठक की। अनूप एंटोनी के साथ बड़ी संख्या में केरल की मीडिया भी पहुंची थी।

### बजरंग दल ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

इस बीच बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने कहा कि बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने दुर्ग मामले में लीपापोती करने की बड़ी आशंका जताई है। उन्होंने कहा है कि केरल के बीजेपी नेताओं और प्रदेश की सरकार यदि मिलकर इस मामले को दबाती है, तो आने वाले समय में बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा।

गौरतलब है कि सरकार बनने के बाद लगातार बजरंग दल अभियान चलाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में धर्मांतरण की घटनाओं को उजागर करते हुए नजर आया है और सरकार ने हर मामले में कार्रवाई भी की है,लेकिन दुर्ग की घटना पर सरकार के रुख को लेकर बजरंग दल के इस बयान ने सरकार और हिंदू संगठन को आमने-सामने ला खड़ा किया है।

### इंडिया गठबंधन के सांसदों ने जेल में बंद ननों से की मुलाकात

बता दें कि आज इंडिया गठबंधन के सांसद बेनी बहनन, फ्रांसिस जॉर्ज , एनके प्रेमचंदन,अनिल ए थॉमस के अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रभारी कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का और जरीता लैतफ़लांग ने दुर्ग पहुंचकर जेल में बंद ननों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरूण वोरा भी मौजूद थे। सांसदों के डेलिगेशन ने ननों से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। मीडिया से चर्चा करते हुए सांसदों ने केंद्र सरकार पर अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। वहीं आगे कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए रणनीति तैयार करने की बात कही। इस दौरान सांसद बेनी बहनन,फ्रांसिस जॉर्ज, एनके प्रेमचंदन,अनिल ए थॉमस के अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रभारी कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का और जरीता लैतफ़लांग दुर्ग जेल पहुंचे थे। मुलाकात के बाद रिपोर्ट तैयार कर सांसद कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे। इसके अलावा इंडिया गठबंधन कल इस मुद्दे पर संसद में आवाज उठाएगी।

### केरल से लेकर दिल्ली तक चढ़ा सियासी पारा

बता दें कि 25 जुलाई को केरल की ननों की गिरफ्तारी के बाद से केरल से लेकर दिल्ली तक सियासी पारा चढ़ा हुआ है। एक तरफ जहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्विट किया है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा कि छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया ङ्क यह न्याय नहीं, बल्कि भाजपा-आरएसएस का गुंडा राज है।

### सांसदों ने किया संसद में प्रदर्शन

इस घटना की गूंज संसद में भी सुनाई दी। 28 जुलाई को संसद भवन के बाहर केरल की कांग्रेस नीत DF के सांसदों ने इस कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था। AICC महासचिव वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में कैथोलिक ननों की चौंकाने वाली गिरफ्तारी और उत्पीड़न के खिलाफ आज यूडीएफ सांसदों ने संसद के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

## ननों की गिरफ्तारी का मामला गरमाया

### केरल भाजपा नेता ने की मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मुलाकात




दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो ननों की गिरफ्तारी के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। इस मुद्दे की गूंज दिल्ली तक पहुंचने के बाद केरल भाजपा के महासचिव अनूप एंटोनी मंगलवार को रायपुर पहुंचे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान ननों की गिरफ्तारी और धर्मांतरण के आरोपों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान

### दोनों नन साजिश के तहत ले जा रही थी लड़कियों को



छत्तीसगढ़ में 2 नन की गिरफ्तारी पर सियासत गरमा गई है। जेल में बंद ननों से मुलाकात करने केरल से इंडिया गठबंधन का डेलिगेशन छत्तीसगढ़ पहुंचा है। इस मामले पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पूरे मामले पर विस्तृत जांच की जा रही है। जीआरपी थाने में एफआईआर हुआ है। उनके बयानों के आधार पर एफआईआर के पर्याप्त आधार उनके पास है। कानून अपना काम कर रहा है। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा,जीआरपी थाने में एफआईआर कर बयान भी दर्ज कराया गया है। इन बयानों के आधार पर एफआईआर करने के पर्याप्त आधार की स्पष्टता है. केरल के इन ननों द्वारा हमारे अबूझमाड़ की बेटियों को ले जाया जा रहा था। ऐसी और घटनाएं पिछले कुछ वर्षों में हुई है,जिनकी जानकारी मिली है इसलिए यह मामला जांच का विषय है। कानून अपना काम कर रहा है। सभी अभी जेल में है। डिप्टी सीएम ने कहा,हम छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर नया कानून ला रहे हैं। इसके बाद धर्मांतरण के मामलों पर और भी स्पष्टता हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के लिए ये कानून बहुत प्रभावी रहेगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट बैठक आज



रायपुर,29 जुलाई 2025(ए)। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार 30 जुलाई को सवेरे 11 बजे राज्य मंत्रीपरिषद (केबिनेट) की बैठक मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित होगी।

### क्रेडा चेयरमैन पर 3 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप

» सीएम सचिवालय ने मांगी रिपोर्ट..



रायपुर,29 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) के चेयरमैन भूपेंद्र सवन्नी पर कुछ वेंडरों ने 3 फीसदी कमीशन मांगने और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। वेंडरों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिकायत की है कि चेयरमैन अपने निजी सहायक के जरिए यह दबाव बना रहे हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा सचिव से इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### हाईकोर्ट ने कलेक्टर द्वारा जारी निलंबन आदेश को किया रद्द



जगदलपुर,29 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जगदलपुर के ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर मानसिंह भारद्वाज के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि कलेक्टर को ऐसा आदेश देने का अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्होंने यह आदेश अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जारी किया था।

## नवा रायपुर में बन रहा हाई-टेक आईटी हब

### साय सरकार की डिजिटल क्रांति को मिल रही रफ्तार




रायपुर,29 जुलाई 2025 (ए)। एक लंबे समय तक केवल प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा के लिए पहचाना जाने वाला छत्तीसगढ़ अब देश के तकनीकी मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इसका केंद्र बन रहा है नवा रायपुर, जिसे स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नवा रायपुर को एक आधुनिक आईटी हब के रूप में आकार दिया जा रहा है, जिससे राज्य को नई आशाओं से भर दिया गया है। इस विकास से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं और डिजिटल इंडिया के सपनों को जमीन पर उतारा जा रहा है। नवा रायपुर के सेक्टर-22 में 13.5 एकड़ के विशाल क्षेत्र में बनने वाले इस अत्याधुनिक डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में किया है। इस प्रोजेक्ट में लगभग एक हज़ार करोड़ रुपये का निवेश होगा। टेक्नोलॉजी कंपनी यहां 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव रखा है।

## बीओबी के लॉकर से सोने के जेवर गायब




भिलाई,29 जुलाई 2025 (ए)। अपने कीमती गहनों और डाक्यूमेंट्र को सुरक्षित रखने लोग बैंक के लॉकर को सबसे ज्यादा सुरक्षित समझते है लेकिन अगर बैंक के लॉकर से ही गहने गायब हो जाए तो किस पर विश्वास किया जाए। ऐसा ही एक मामला भिलाई के बाइक ऑफ बड़ौदा का सामने आया। जहां बुजुर्ग दरोगा सिंह के कॉलर से 40 टोला सोने के जेवर गायब हो गए।



## अनवर ढेबर पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज

बिलासपुर,29 जुलाई 2025 (ए)। हाईकोर्ट ने प्रदेश में हुए आबकारी घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर की याचिका खारिज कर दी है. याचिका में एसीबी और ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी को अवैधानिक बताते हुए एफआईआर रद्द करने समेत अन्य मांग की गई थी। शराब घोटाले में ईडी की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाला होने का दावा किया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा,आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। मामले में अनवर ढेबर को एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

## राजस्व कर्मियों के हड़ताल से लोग हैं भारी परेशान

### नामांतरण, बटांकन तथा ऋण पुस्तिका बनाने का काम प्रभावित



रायपुर,29 जुलाई 2025 (ए)। राज्य में राजस्व कर्मियों के हड़ताल पर जाने के कारण नामांतरण, बटांकन, भूमि-व्यपवर्तन सहित फौति उठाने का काम प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार के सामने राजस्व कर्मियों ने अपनी कई मांगे रखी है। इसमें प्रमुख मांग है समयबद्ध पदोन्नति दी जाए।

## दूसरे समाज में शादी करने पर डीएसपी के परिवार का सामाजिक बहिष्कार



बिलासपुर,29 जुलाई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पुलिस अधिकारी के परिवार को सिर्फ इसलिए सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्होंने दूसरे समाज की लड़की से शादी की। यह मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। सरगुजा संभाग में पदस्थ डीएसपी मेखलेंद्र प्रताप सिंह ने कुछ समय पहले एक अन्य समाज की युवती से विवाह किया था। इस विवाह से नाराज गांव के कुछ लोगों ने न सिर्फ उनका सामाजिक बहिष्कार कर दिया, बल्कि उनके गांव में रह रहे परिजनों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

### परिजनों को धमकी और अपमान

मेखलेंद्र सिंह की शिकायत पर कोटा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि शादी पूरी तरह सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ की गई थी, इसके बावजूद कुछ लोग उन्हें धमकाते रहे और उनके परिवार को अपमानित करने का सिलसिला जारी रखा।

### नामजद आरोपियों पर केस...

कोटा पुलिस ने डीएसीपी की शिकायत पर वीरेंद्र कुमार सिंह, श्रवण सिंह, धर्मेंद्र पाल और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज हुआ है और पुलिस जांच में जुटी है।


### एएसपी ने माना आरोप सही

बिलासपुर की एडिशनल एसपी अर्चना झा ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद नियमानुसार केस दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि किसी को भी अपनी व्यक्तिगत पसंद के चलते सामाजिक दबाव या धमकी का शिकार नहीं होना चाहिए।

## जर्जर भवनों में स्कूल,आंगनवाड़ी और छात्रावास संचालन बंद करने के निर्देश



महासमुंद,29 जुलाई 2025(ए)। कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विकास और जनकल्याण कारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वित करें। सरायपाली, खल्लारी में किए गए घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्हांने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। अतः सभी विभाग अपने प्रत्येक माह की उपलब्धियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उच्च कार्यालय का भेजना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुद्देशीय केंद्र, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से तालमेल के साथ कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित न हो, हर हितग्राही को समय पर लाभ मिले।



## मुठभेड़ के दौरान हुआ आईईडी ब्लास्ट

### दो जवान घायल,एक नक्सली ढेर

सुकमा,29 जुलाई 2025(ए)। जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवनों और नक्सलियों के बीच मंगलवार सुबह से मुठभेड़ जारी है।

## आंगनबाड़ी का छत प्लास्टर भरभराकर गिरा,बच्चे नहीं पहुंचे थे



कोरबा,29 जुलाई 2025(ए)। सरकारी भवनों की जर्जर स्थिति को लेकर कोरबा जिले के विभिन्न स्थानों पर समस्या बनी हुई है । इनका परीक्षण करने के साथ आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया गया है लेकिन समय पर काम नहीं होने से दुर्घटनाएं हो रही है। इसी कड़ी में झाबर में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 की छत का प्लास्टर भर भर कर गिर पड़ा। अच्छा यह हुआ कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला नहीं था। इसलिए बड़ी अनहोनी टल गई। घटना की जानकारी हुई तो लोग सक्ते में आ गए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)